

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 133

ग्वालियर, शनिवार, 3 जुलाई, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## खास खबर

### कोरोना से जंग हारे एक्ट्रेस कविता के पति

**मुंबई(ए)।** दक्षिण फिल्म इंडस्ट्री की जानी मानी एक्ट्रेस कविता पर दुखों का पहाड़ टूट गया है। अभी तक एक्ट्रेस जवान बेटे के निधन के गम से उभरी नहीं थी कि उनका पति दशरथ राज ने भी दुनिया को अलविदा कह दिया है। 15 जून को कविता के बेटे संजय स्वरूप का निधन हो गया था। उनके बेटे और पति की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। 300 से ज्यादा फिल्में और टीवी शोज करने वाली कविता के दर्द में उनके फैंस भी शामिल हैं। सोशल मीडिया पर उनके तमाम फैंस दुख के इस समय में हिम्मत रखने की सलाह दे रहे हैं और ईश्वर से इस दुख को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना कर रहे हैं। कविता ने तमिल फल्मि ओह मंजू से 11 साल की उम्र में डेब्यू किया था। यह फल्मि साल 1976 में आई थी। इसी साल उन्होंने तेलुगू फल्मि श्री श्री मुवा में भी वह नजर आई थीं। इस समय वह एक डेली सोप का हिस्सा हैं। वह तमिल और कन्नड़ भाषा की 300 से अधिक फल्मिों में लीड रोल निभा चुकी हैं।

### हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला तिहाड़ जेल से रिहा

**नई दिल्ली (ए)।** जेबीटी जूनियर बेसिक ट्रेनिंग भर्ती घोटाले में 10 साल की सजा काट चुके हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) सुप्रीमो ओम प्रकाश चौटाला दिल्ली की तिहाड़ जेल से रिहा हो गए। चौटाला फिलहाल पैरोल पर बाहर थे और आज औपचारिक तौर पर उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया है। इनेलो सुप्रीमो ने रिहाई के लिए जेल में पहुंच कर कागजी कार्रवाई पूरी की और कुछ देर बाद जेल से बाहर आ गए। तिहाड़ जेल से रिहाई के बाद इनेलो सुप्रीमो अपने गुरुग्राम स्थित आवास के लिए रवाना हो गए। इस दौरान दिल्ली-गुरुग्राम बॉर्डर पर सैकड़ों की तादाद में जुटे इनेलो कार्यकर्ताओं ने फूलों और नारों के साथ चौटाला का जोरदार स्वागत किया। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी ने गुरुवार को बताया था कि ओम प्रकाश चौटाला की रिहाई के बाद हरियाणा की राजनीति में एक नए युग की शुरुआत होगी। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों के लोग बेसब्री से इनेलो सुप्रीमो की रिहाई का इंतजार कर रहे हैं। अधिकारियों के मुताबिक, 86 वर्षीय चौटाला पहले ही साढ़े नौ साल की सजा पूरी कर चुके थे और ऐसे में वह रिहा होने की अर्हता रखते थे। इससे पहले अधिकारी ने बताया कि शिक्षक भर्ती घोटाले में वर्ष 2013 से कैद की सजा काट रहे चौटाला 26 मार्च 2020 से ही कोविड-19 आपात पैरोल पर जेल से बाहर हैं। उन्हें 21 फरवरी 2021 को सरेंडर करना था, लेकिन हाईकोर्ट ने पैरोल की अवधि बढ़ा दी थी।

### नौकरी का झांसा देकर महिला से हैवानियत 6 युवकों ने किया गैंगरेप

**नई दिल्ली (ए)।** हरियाणा के रोहतक स्थित एक होटल में नौकरी दिलाने का झांसा देकर आधा दर्जन युवकों द्वारा कथित तौर पर महिला से गैंगरेप करने के आरोप में जींद की महिला थाना पुलिस ने केस दर्ज किया है। सिविल लाइन थाना इलाके की एक महिला ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में कहा कि उसकी अंकित नाम के युवक से जान-पहचान थी। अंकित ने उसे नौकरी दिलाने का झांसा देकर उसके साथ रोहतक के एक होटल में दुष्कर्म किया। गत दिवस फिर अंकित शहर में आया और एक होटल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। शिकायत में उसने बताया कि इस दौरान अंकित ने अपने दोस्त लाखनमाजरा निवासी मंगल, दीपक तथा तीन अन्य को बुला लिया, जहां पर उसे बंधक बनाकर उसके साथ गैंगरेप किया गया। घटना के बारे में किसी को बताने पर उसे बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी गई। पीड़िता की शिकायत पर मंगल, दीपक, अंकित को नामजद कर तीन अन्य के खिलाफ गैंगरेप करने, धमकी देने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कोलकाता हाईकोर्ट का आदेश, चुनाव बाद हिंसा के हर मामले की दर्ज करो रिपोर्ट

**कोलकाता (ए)।** पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद हुई हिंसा को लेकर कोलकाता हाईकोर्ट ने ममता बनर्जी सरकार को सभी मामलों की एफआईआर दर्ज कराने का आदेश दिया है। हिंसा के सभी पीड़ितों का इलाज कराने और उन्हें मुफ्त में राशन दिए जाने का आदेश दिया है। उच्च न्यायालय ने कहा कि यह राशन उन लोगों को भी मिलना चाहिए, जिनका कार्ड नहीं बना है। ममता बनर्जी सरकार के लिए उच्च न्यायालय का यह आदेश बड़ा झटका माना जा रहा है। इसकी वजह यह है कि ममता सरकार की ओर से राज्य में चुनाव बाद हिंसा के आरोपों को खारिज किया जाता रहा है।

---

ग्वालियर में (एन.एच.बी.) के केंद्र का उद्घाटन किया।

## कृषि क्षेत्र व किसानों के फायदे के लिए केंद्र के चौतरफा उपायः मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर

**नई दिल्ली (ए)।** मध्यप्रदेश में राष्?ट्रीय बागवानी बोर्ड (एन.एच.बी.), कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की गतिविधियों व कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने ग्वालियर में (एन.एच.बी.) के केंद्र का उद्घाटन किया। यह ग्वालियर अंचल को बड़ी सौगात है, जिसके माध्यम से उत्तरी म.प्र. के 21 जिलों के किसान लाभान्वित होंगे। तोमर ने कहा कि यह केंद्र समूचे क्षेत्र के किसानों के जीवन में वरदान साबित होगा। किसान इस केंद्र का लाभ उठाएं व अपने जीवन को उन्नत बनाएं। उन्होंने कहा- कृषि क्षेत्र व किसानों के विशेष फायदे के लिए केंद्र सरकार ने चौतरफा उपाय किए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़ संकल्प के कारण देश हर क्षेत्र में तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

मंत्री तोमर ने कहा कि म.प्र. में बागवानी की अपार संभावनाओं को देखते हुए यह नया केंद्र इस क्षेत्र में बागवानी के विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। साथ ही, ग्वालियर अंचल में भी



ये केंद्र विकास के मायने में आमूलचूल परिवर्तन लाएगा। नया केंद्र ग्वालियर में खुलने से न केवल ग्वालियर संभाग के किसान, बल्कि उत्तरी मध्य प्रदेश के 21 जिलों के किसान राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड (एन.एच.बी.) की योजनाओं से लाभान्वित होंगे। इस केंद्र से जिन 21 जिलों को कवर किया जाएगा, उनमें चंबल, ग्वालियर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग के जिले शामिल हैं। ये जिले हैं- ग्वालियर, मुरैना, श्योपुर, भिंड, अशोक नगर, शिवपुरी, दतिया, गुना, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, छतरपुर, दमोह, पन्ना, सागर, टीकमगढ़, निवारी, अनूपपुर, शहडोल और उमरिया। ग्वालियर-चंबल क्षेत्र सहित इन 21 जिलों के बागवानी से जुड़े किसानों को अब भोपाल या दिल्ली जाने-आने की दिक्कत नहीं उठाना पड़ेगी, उनके सारे काम अब ग्वालियर केंद्र में ही संपन्न हो जाएंगे। तोमर ने यह केंद्र प्रारंभ करने के लिए केंद्रीय कृषि मंत्रालय व एन.एच.बी. के अधिकारियों को धन्यवाद दिया। तोमर ने कहा कि इसी तरह से ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में एक के बाद एक विकास के कार्य प्रारंभ किए जा रहे हैं। शीघ्र ही चंबल क्षेत्र देश में हनी हब के रूप में स्थापित होगा, जिसके लिए आज मुरैना जिले में नेफेड द्वारा राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड (एन.बी.बी.) के सहयोग से राष्ट्रीय मधुमक्खीपालन एवं शहद मिशन (एन.बी.एच.एम.) के तहत, शहद एवं मधुमक्खीपालन के अन्य उत्पादों के प्रसंस्करण व गुणवत्ता परीक्षण हेतु प्रयोगशाला-इकाई का भूमि पूजन किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की किसान हितैषी नीतियों तथा किसानों के कठोर परिश्रम के परिणामस्वरूप आज हमारा देश खाद्यान्न की दृष्टि से आत्मनिर्भर ही नहीं, बल्कि सरप्लस है और दुनिया को भी सप्लाय कर रहा है। भारत सरकार ने पीएम किसान जैसी योजनाओं, विविध मिशनों, सब्सिडी आदि के माध्यम से कृषि क्षेत्र की समृद्धि के लिए चौतरफा उपाय प्रारंभ किए है। फसल ऋण के लिए फंड साढ़े 16 लाख करोड़ रूपए कर दिया है।

## हाल के महीनों में बढ़ा हुआ राजस्व संग्रह अब न्यू नॉर्मल हो जाना चाहिएः वित्तमंत्री सीतारमण

**नई दिल्ली (ए)।** जीएसटी के आगाज़ की चौथी वर्षगांठ के मौके पर जीएसटी दिवस-2021 को केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) और पूरे भारत में उसके सभी क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा मनाया गया। यह राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम सीबीआईसी द्वारा डिजिटल प्लेटफॉर्म पर वर्चुअल मोड के जरिए आयोजित किया गया जिसमें जमीनी स्तर के उसके तमाम संस्थानोंने हिस्सा लिया। बीते 8 महीनों से बढ़े हुए राजस्व संग्रह के साथ जीएसटी ने आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ये साल करदाता के लिए बढ़ी हुई सुविधा के नाम रहा जहां कोविड-19 राहत पैकेजों की घोषणा की गई



ताकि अनुपालन का बोझ कम किया जा सके। इस कार्यक्रम के हिस्से के तौर पर सभी ज़ोन में 31 अधिकारियों को जीएसटी दिवस प्रशस्ति प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया जिसमें एक अधिकारी को मरणोपरांत ये सम्मान दिया गया। मंत्री सीतारमण ने कहा कि हमारे लिए ये बड़े संतोष की बात है कि हमने इस नई कर व्यवस्था को स्थिरता प्रदान करने में अभूतपूर्व कोविड-19 महामारी की दो लहरों समेत ज्यादातर चुनौतियों को पार कर लिया है। वित्त मंत्री ने कर संग्रह में उछाल को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की, जिसने लगातार आठ महीनों तक 1 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार किया है जिसमें अप्रैल, 2021 में 1.41 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड जीएसटी संग्रह हुआ। उन्होंने कहा कि हाल के महीनों का ये बढ़ा हुआ राजस्व संग्रह अब ÷न्यू नॉर्मल हो जाना चाहिए।

मंत्री सीतारमण ने जीएसटी लागू होने के 4 साल पूरे होने की पूर्व संध्या पर सीबीआईसी के इस प्रयास की सराहना की कि उसने राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए 54,000 से अधिक जीएसटी करदाताओं को पहचाना।

## मायावती का अखिलेश पर कटाक्ष, छोटे दलों से गठबंधन को बताया महालाचारी

**लखनऊ (ए)।** देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव-2022 से पहले राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। शुक्रवार को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने समाजवादी पार्टी पर हमला बोला। लगातार दो ट्वीट में मायावती ने समाजवादी पार्टी के विधानसभा चुनाव-2022 में छोटे दलों से गठबंधन को पार्टी की महालाचारी बताया है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि समाजवादी पार्टी की घोर स्वार्थी, संकीर्ण व खासकर दलित विरोधी सोच एवं कार्यशैली आदि के कड़वे अनुभवों तथा इसकी भुक्तभोगी होने के कारण देश की अधिकतर बड़ी व प्रमुख पार्टियां चुनाव में इनसे किनारा करना ही ज्यादा बेहतर समझती हैं। यह तो सर्वविदित है। मायावती ने कहा कि इसी कारण उत्तर प्रदेश के होने वाले विधानसभा के आमचुनाव अब यह पार्टी किसी भी बड़ी पार्टी के साथ नहीं बल्कि छोटी पार्टियों के

## गर्भाशय ग्रीवा कैंसर का बचाव और इलाज दोनों हैं: नायडू



**नई दिल्ली (ए)।** उपराष्ट्रपति, एम वेंकैया नायडू ने कैंसर की बढ़ती बीमारी पर रोक लगाने के लिए एक बहुआयामी रणनीति अपनाने का आह्वान किया-एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की आवश्यकता पर व्यापक जागरूकता अभियान की शुरुआत करने से लेकर सामुदायिक स्तर पर नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन करने तक,सामूहिक अभियान पर बल देते हुए, नायडू ने कहा, ÷आइए हम कैंसर को रोकने और लोगों का जीवन बचाने के लिए एकसाथ मिलकर काम करें। उपराष्ट्रपति ने ये बातें इंडियन सोसायटी ऑफ कोल्पोस्कोपी एंड सर्वाइकल पैथोलॉजी द्वारा आयोजित आईएफसीपीसी 2021 वर्ल्ड कांग्रेस का वर्चुअल रूप से उद्घाटन करते हुए कही। उन्होंने इस कार्यक्रम के दौरान %इंडियन जर्नल ऑफ गाइनेकोलॉजिकल ऑन्कोलॉजी% के एक विशेष संस्करण का भी शुभारंभ किया। भारतीय महिलाओंके बीच गर्भाशय ग्रीवा कैंसर दूसरा सबसे आम कैंसर बना हुआ है, उपराष्ट्रपति ने बताया कि गर्भाशय ग्रीवा कैंसर का बचाव और इलाज दोनों ही संभवहैं। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से स्वस्थ महिलाओं की नियमित स्क्रीनिंग के माध्यम से जल्द से जल्दइलाज होनेके कारण इस बीमारी के वैश्विक आंकड़ों में अभूतपूर्व रूप से कमी आई है।

## बिहार में भारी बारिश तो दिल्ली में लू का कहर जारी



**भागलपुर (ए)।** एक ओर जहां बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश में बारिश का मौसम है, वहीं दूसरी ओर दिल्ली-एनसीआर में गर्मी ने हाहाकार मचा दिया है। बिहार के कई हिस्सों में लगातार बारिश हो रही है, वहीं दिल्ली में गर्मी ने 90 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है और अभी भी लू से राहत नहीं मिलने वाली है। हालांकि, इस बीच अच्छी खबर यह है कि भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा है कि देश में दक्षिण पश्चिम मॉनसून जुलाई में सामान्य रहने की संभावना है। मौसम विभाग की मानें तो जुलाई के प्रथम सप्ताह में अच्छी बारिश होने की उम्मीद नहीं है, लेकिन महीने के दूसरे हफ्ते के दूसरे हिस्से से इसके जोर पकड़ने की संभावना है। देश में जुलाई 2021 में मासिक बारिश कुल मिलाकर सामान्य (दीर्घ अवधि औसत का 94 से 106 प्रतिशत) रहने की संभावना है। पश्चिमोत्तर भारत और दक्षिणी प्रायद्वीप के कुछ हिस्सों, मध्य, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत में सामान्य से कम या सामान्य बारिश की संभावना है जबकि मध्य भारत, उससे जुड़े प्रायद्वीपीय भारत और गंगा के मैदान में सामान्य या सामान्य से अधिक बारिश का पूर्वानुमान है। मॉनसून हरियाणा, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों, पश्चिमी राजस्थान और पंजाब को छोड़ देश के बाकी हिस्सों में पहुंच गया है। उत्तर भारत के कई हिस्सों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है और जल्द इससे राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने गुरुवार को कहा कि पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर राजस्थान और उत्तर प्रदेश में अगले दो दिनों में लू की परिस्थितियां बनी रहने की संभावना है। इस तरह, इन स्थानों पर चिलचिलाती गर्मी से अभी कोई राहत नहीं मिलने वाली है।

## रक्षामंत्री राजनाथ ने वियतनाम के रक्षामंत्री से बातचीत की दोनों देश रक्षा बलों के बीच द्विपक्षीय सहयोग पर सहमत

**नई दिल्ली (ए)।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने 1 जुलाई, 2021 को वियतनाम के रक्षा मंत्री सीनियर लेफ्टिनेंट जनरल फान वान गियांग के साथ ऑनलाइन माध्यम से बातचीत की। बातचीत के दौरान दोनों मंत्रियों ने मौजूदा पहलों पर प्रगति की समीक्षा की और भारत-वियतनाम व्यापक रणनीतिक साझेदारी (2016) के ढांचे के तहत और दिसंबर 2020 में दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच वर्चुअल शिखर सम्मेलन के दौरान हस्ताक्षरित %शांति, समृद्धि और लोगों के लिए संयुक्त दृष्टिकोण% के मार्गदर्शन में दोनों देशों के रक्षा बलों के बीच संबंधों को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग गतिविधियों को मजबूत करने के लिए संयुक्त नीति रिपोर्ट 2015-20 द्वारा दिए गए महत्व को स्वीकार करते हुए, दोनों मंत्रियों ने संयुक्त नीति रिपोर्ट



2021-25 को जल्द से जल्द पूरा करने की इच्छा व्यक्त की। दोनों मंत्रियों ने रक्षा उद्योग और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में गठबंधन को बेहतर बनाने के लिए कदम उठाने पर सहमति जताई और पूरे स्पेक्ट्रम में द्विपक्षीय सहकारी संबंधों को प्रभावी ढंग से मजबूत करने में अधिक तालमेल के लिए तत्पर रहने पर सहमति व्यक्त की। दोनों मंत्रियों ने कोरोना की वजह से आ रही बाधाओं के बीच दोनों देशों के बीच जारी गतिविधियों पर संतोष जताया। राजनाथ सिंह ने अपने ट्विटर पोस्ट में कहा कि भारत और वियतनाम के बीच संबंध मजबूत और उत्कृष्ट हैं।

उन्होंने कहा, भारत वियतनाम के साथ द्विपक्षीय सैन्य सहयोग को बहुत महत्व देता है। भारत और वियतनाम मुश्किल समय में एक-दूसरे की मदद करने की एक लंबी परंपरा साझा करते हैं। हमने पिछले कुछ वर्षों में रक्षा उद्योग सहयोग में महत्वपूर्ण प्रगति की है।÷ रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत और वियतनाम कोविड चुनौतियों का सामना करते हुए आगे बढ़ते रहेंगे। राजनाथ सिंह ने सीनियर लेफ्टिनेंट जनरल फ़ान वान गिआंग को वियतनाम आने के लिए आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि वह वियतनाम जाने के लिए उत्सुक हैं।

## पुलिस अधिकारियों को तहसील और गाँव में जाकर लोगों से मिलना चाहिएः गृहमंत्री शाह

**नई दिल्ली (ए)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भारतीय पुलिस सेवा के 72वें बैच के परिवीक्षाधीन अधिकारियों से संवाद किया। इस अवसर पर केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानन्द राय, केंद्रीय गृह सचिव, सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी के निदेशक और गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। केंद्रीय गृह मंत्री ने कोरोना में जान गँवानेवाले पुलिस और स्वस्थ्य कर्मियों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए डॉक्टर दिवस और चार्टर्ड चार्टर्ड एकाउंटेंट्स दिवस की शुभकामनायें दी। अमित शाह ने कहा कि किसी भी संगठन के लिए व्यवस्था बहुत जरूरी है। उन्होने कहा कि कोई भी संगठन तभी सफलतापूर्वक चलता है जब उसको



चलाने वाले व्यवस्था का हिस्सा बन इसको मजबूत करने के लिए काम करें। संगठन की व्यवस्था सुधारने से संगठन स्वतः ही सुधरता है और बेहतर परिणाम देता है। शाह ने कहा कि संगठन को व्यवस्था केन्द्रित करना ही सफलता का मूल मंत्र है। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह विजन है कि व्यवस्था तभी बदली जा सकती है जब उसकी मशीनरी को आज की आवश्यकताओं के अनुसार प्रशिक्षित किया जाये। उन्होने कहा कि प्रशिक्षण में ही समस्याओं को दूर करने का बीजारोपण किया जाना चाहिए ताकि व्यक्ति को अधिक से अधिक उत्तरदायी और कर्तव्यपरायण बनाया जा सके।

## डिजिटल रूप से सशक्त युवा इस दशक को भारत का 'टेकेड' बनाएंगेः पीएम मोदी

**नई दिल्ली ए)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'डिजिटल इंडिया' कार्यक्रम के लॉन्च किए जाने के 6 वर्ष पूरे होने पर आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से डिजिटल इंडिया के लाभार्थियों से बातचीत की। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद और शिक्षा राज्यमंत्री संजय शामराव धोत्रे भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने नवाचार के लिए उत्साह तथा और उन नवाचारों को तेजी से अपनाने की क्षमता दोनों को दिखाया है। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया भारत का संकल्प है। डिजिटल इंडिया आत्मनिर्भर भारत के लिए साधन है। डिजिटल इंडिया एक मजबूत भारतीय की अभिव्यक्ति है जो 21वीं सदी में उभर रही है।प्रधानमंत्री ने न्यूनतम सरकार-अधिकतम शासन के अपने मंत्र को याद करते हुए बताया कि किस तरह डिजिटल इंडिया सरकार और लोगों, प्रणाली और सुविधाओं, समस्याओं और समाधानों के बीच की खाई को कम करके आम नागरिक को सशक्त बना रहा है।उन्होंने एक उदाहरण दिया कि किस तरह डिजिलॉकर ने विशेष रूप से महामारी के दौरान लाखों लोगों की मदद की। पूरे देश में स्कूल प्रमाण पत्र, चिकित्सा दस्तावेज और अन्य महत्वपूर्ण प्रमाण पत्र डिजिटल रूप से संग्रहित किए गए थे।उन्होंने कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने, जन्म प्रमाण



पत्र बनवाने, बिजली बिल का भुगतान करने, पानी का बिल चुकाने, आयकर रिटर्न दाखिल करने आदि जैसी सेवाएं तेज और सुविधाजनक हो गई हैं और गांवों में ई-कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) लोगों की मदद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया के माध्यम से है, एक राष्ट्र एक राशन कार्ड जैसी पहल को साकार किया गया है। उन्होंने सभी राज्यों से इस पहल को अपने-अपने राज्यों में लागू करने के लिए कहने के लिए उच्चतम न्यायालय की सराहना की। प्रधानमंत्री ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि डिजिटल इंडिया ने लाभार्थियों के जीवन को कैसे बदल दिया है। उन्होंने स्वनिधि योजना के लाभों तथा स्वामित्व योजना के माध्यम से मालिकाना हक की सुरक्षा की कमी की समस्या के समाधान का उल्लेख किया। उन्होंने दूरस्थ चिकित्सा के संबंध में ई-संजीविनी योजना की भी चर्चा की और बताया कि राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत एक प्रभावी प्लेटफॉर्म के लिए काम जारी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत द्वारा कोरोना काल में तैयार डिजिटल समाधान आज पूरी दुनिया में चर्चा और आकर्षण का विषय हैं। उन्होंने कहा कि विश्व के सबसे बड़े डिजिटल कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग ऐप में से एक आरोग्य सेतु ने कोरोना संक्रमण को रोकने में काफी मदद की है। कई देशों ने टीकाकरण के लिए भारत के कोविन ऐप में भी दिलचस्पी दिखाई है।

## संक्षिप्त समाचार

### फोरेस्ट की जमींन से खण्डे भरकर ले जा रहा ट्रेक्टर पकडा

शिवपुरी। वन विभाग सब रेंज शिवपुरी की बड़ी कार्यवाही मुखबिर की सूचना पर रेंजर के निंदेश पर बीट लुधावली कक्ष क्र. आर एफ 43 मे अवैध उत्खनन कर खंण्डे भर रहे ट्रेक्टर ट्राली को पकडा साथ ही ट्रेक्टर चालक रामबीर आदिवासी और ट्रेक्टर मालिक के विरुद्ध कार्रवाई को अंजाम दिया गया । वन परिक्षेत्र अधिकारी शिवपुरी ने बताया कि मीडिया द्वारा लगातार वन क्षेत्र में खनन के समाचार प्रकाशित किए जा रहे थे उसी क्रम में आज इस ट्रेक्टर ट्राली को पकडा गया है और कार्रवाई की गई है। वन परिक्षेत्र अधिकारी शिवपुरी पर लगातार खनन माफियाओं को संरक्षण देने के मामले प्रकाशित होते रहे हैं और इनके क्षेत्र में पत्थर फर्सी का उत्खनन भी पूरे शबाब पर है पर अभी तक इनके द्वारा कोई भी बडी कार्यवाही को अंजाम नहीं दिया गया है इनके परिक्षेत्र में खुटेला खेरोना मंझेरा ढबिया जैसी सफेद पत्थर की खदाने खनन माफिया पूरे सिस्टम को मेनैज कर चला रहें हैं और प्रतिदिन पंद्रह से बीस ट्राली पत्थर फर्सी से भरकर शिवपुरी के बडोदी पर औधौगिक क्षेत्र में संचालित पत्थर फर्सी कटिंग मशीनों पर खपाये जाने का खेल चल रहा है। प्रति ट्राली में पचास हजार रुपए कीमत का माल लाया जाता है और ये सब चलता है रात के अंधेरे में सुरवाया करई गंगोरा भगोरा कोटा माधव नेशनल पार्क के गेट के सामने नाके से होकर यह ट्रेक्टर गुजरते हैं 6 हजार रुपए प्रति ट्रेक्टर ट्राली का सेटलमेंट किया गया है जो बहुत ही खूबसूरत मेनेजमेंट के साथ जारी है शिवपुरी के मीडिया कर्मियों द्वारा पूर्व डि एफ ओ से लेकर वन विभाग के बरिष्ठ अधिकारियों तक मामला संज्ञान में लाया गया पर वन परिक्षेत्र अधिकारी शिवपुरी अपनी व्यवस्था के चलते कार्यवाही से बचते रहे हैं।




### हत्यारे खुलेआम घूम रहे है, हमें धमका रहे है, लेकिन पुलिस नहीं कर रही गिरफ्तार

शिवपुरी। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक को नरवर थाना क्षेत्र से आए ग्रामीणों ने आवेदन देते हुए पुलिस की कार्यप्रणाली पर सबाल खडे किए है। आवेदक का आरोप है कि उसके ताऊ की हत्या के बाद से हत्यारे खुलेआम घूम रहे है। परंतु पुलिस की मिली भगत के चलते पुलिस इन आरोपीयों को गिरफ्तार नहीं कर रही है। जिसके चलते यह खुलेआम पीडित पक्ष को धमका रहे है। प्राप्त जानकारी अनुसार सुखबीर पुत्र पंजाब सिंह गुर्जर निवासी नयाखेडा चौकी अमोलपडा थाना अमोला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत करते हुए बताया है कि 11 जून को सुबह ट्रेक्टर से कीचड उचटने को लेकर उसका विबाद हो गया था। जिसके चलते आरोपी लाखन सिंह,राजू , उम्मेद,राजबीर, रामबीर, रामहेत लोकेन्द्र निवासी नयाखेडा एवं गोपाल गुर्जर निवासी थाना नरवर ने एकराय होकर उसके ताउ उत्तम सिंह गुर्जर पर हमला बोल दिया था। इस हमले में गंभीर रूप से घायल उसके ताउ की उपचार के दौरान मौत हो गई थी।इस मौत के बाद पुलिस ने इस मामले में सभी आरोपीयों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर विवेचना में तो ले लिया। परंतु आरोपी आए दिन पीडित पक्ष पर राजीनामा का दबाव बनाते हुए खुलेआम घूम रहे है। पीडित पक्ष का आरोप है कि पुलिस इन पर कार्यवाही नहीं कर रही है। जिसके चलते आरोपीयों के हौसले बुलंद है।


### वृद्धा महिला को मारा धक्का, ग्वालियर में उपचार के दौरान मौत, पुलिस ने अदम चैक काटकर भगा दिया

**शिवपुरी।** खबर जिले के बदरवास थाना क्षेत्र की है। जहां बीते दिनों मारपीट में घायल एक वृद्ध महिला की उपचार के दौरान ग्वालियर में मौत हो गई। इस मामले की शिकायत पीडिता ने पुलिस थाना बदरवास में की थी। परंतु शिकायत के बाद पुलिस ने इस मामले में महज अदम चैक काटकर मामले से इतिश्री कर ली। जानकारी के अनुसार बीते 25 जून को मृतिका रामवति पत्नि लक्ष्मण खटीक उम्र 90 साल निवासी वार्ड क्रमांक 2 इंद्रा कॉलोनी बदरवास अपने घर आ रही थी।

# नरवर की ग्राम पंचायत सीहोर में सरपंच सचिव मिलकर लगा रहे शासन की योजनाओं को पतीला भरस्टाचार मिला देखने को







शिवपुरी। प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान ने ग्राम पंचायतों में मनरेगा में वास्तविक गरीब मजदूरों को काम मिले उन्हें गांव से बाहर पलायन न करना पड़े। और इस वर्ष चल रही कोरोना महामारी में गरीब मजदूर वर्ग को मजदूरी मिले उनके परिवार को भरण-पोषण को कोई दिक्कत नहीं हो। इसलिए मनरेगा योजना में ज्यादा से ज्यादा मजदूरों को रोजगार देने के निर्देश हैं। लेकिन सरपंच-सचिवों व रोजगार सहायकों द्वारा इस योजना को पलीता लगाया जा रहा है। शासन की राशि की बंदरबांट करने की मंशा से जमकर जिले सहित नरवर जनपद की ग्राम पंचायत सीहोर में में मनरेगा में धांधली चल रही है। कई ऐसे धन्ना सेठ परिवार के लोग हैं। जिनके घर पर नौकर जिराती काम कर रहे हैं बहुमंजिला इमारतें हैं जिनकी मां बहन पत्नी ने कभी अपने खेतों में भी काम नहीं किया होगा ऐसे परिवार के लोगों का उनके घर के सदस्यों के खातों में मनरेगा में जॉब कार्ड की राशि जरूर आ रही है।

अफसरों के दावों की अब खुलने लगी पोल

जनपद में बैठे और सरकार की तनख्वाह ले रहे अधिकारियों की अब पोल खुलने लगी है क्योंकि नरवर जनपद की अधिंकाश ग्राम पंचायतों में हजारों प्रवासी मजदूरों को रोजगार देने का दम भर रह थे लेकिन अब जमीनी हकीकत कुछ और ही है अफसरों के ये दावे सिर्फ कागजी साबित हो रहे हैं और कागजो में प्रवासी मजदूर मजदूरी करते हुए नजर आ रहे हैं जब हमारी टीम ने लॉकडाउन के समय से ही सभी ग्राम पंचायतों का मौके का मुआयना किया तो इन सभी पंचायतों में वहां कोई भी मजदूर कार्य करता नहीं मिला न ही नजर आए सिर्फ जेसीबी मशीनों के टायरों के निशान नजर आते रहे और जब लोगों से चर्चा की गई तो पता चला कि यहां तो रात के समय में जेसीबी मशीन चल रही थी लेकिन अब हकीकत कुछ और ही है जहां प्रवासी मजदूरों के नाम पर इन सभी पंचायतों में लाखों रुपए का फर्जीवा?ा कागजो में चल रहा है मनरेगा के जॉबकार्ड धारी मजदूर कागजो में कार्य करते रहे जबकि यह कार्य पूर्व में ही मशीनों से रातों रात हो चुके थे अब पंचायत के नुमाइंदे घर बैठकर फर्जी मस्टर डालकर लाखों रुपए की राशि ह?पने की तैयारी शुरू कर दी है।

बिना मास्क सैनिटाइजर का चल रहा काम

आज विश्व महामारी कोरोना वायरस से जूझ रहा है। केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा ग्रामीणों को गांव में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए पंचायतों में शत प्रतिशत काम प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया है। यहां अधिकारियों द्वारा पंचायतों के लिए आबंटित चौदहवें वित्त की राशि का उपयोग कर कार्यस्थल पर फिजिकल डिस्टेंसिंग, मास्क, सैनिटाइजर का उपयोग करते हुए ग्रामीणों से कार्य लिए जाने आदेश जारी किया गया है, मगर पंचायत प्रतिनिधियों व कर्मचारियों के मनमाने रवैये के चलते मजदूरों को न तो मास्क उपलब्ध कराया जा रहा है और न ही उन्हें सेनिटाइजर दिया जा रहा है। यहां विभागीय उदासीनता के चलते संक्रमण फैलने का खतरा भी बढने लगा है। शासन के निर्देशानुसार पंचायतों में होने वाले कार्यों के लिए कार्य प्रारंभ होने के पूर्व कार्य में सामान की लागत, मजूदरों की मजदूरी सहित सभी सरपंच, रोजगार सहायक सहित सभी संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों का नाम व नंबर दर्शाया जाता है।

शासन के पैसों का बंदरबांट

पंचायती राज्य में शासन के पैसों का बंदरबांट जोरो पर जारी है। इसका यदि जीता-जागता उदाहरण देखना है तो जनपद पंचायत पोहरी की ग्राम पंचायत बछौरा में देखा जा सकता है जहां पर सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, भुगतानकर्ता अधिकारी ने मिलकर मनरेगा के लाखों रूपये की राशि डकार गये। लेकिन वरिष्ठ अधिकारी अभी तक केवल जांच करते दिख रहे है। यहाँ ग्रामीणों ने दर्जनों शिकायत जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों सहित जनपद स्तर के अधिकारिओं के समक्ष की तो जरूर, लेकिन कार्यवाही आज तक केवल कागजो में दफन हो कर रह गई। जिसके कारण भ्रष्टाचारियों के हौसले बुलंद है। पोहरी जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बछौरा में भ्रष्टाचार की सारी हदे पार करते हुए सरपंच-सचिव रोजगार सहायक सहित जिम्मेदारों ने जो गुल खिलाये है यदि उनकी सूक्ष्म जांच कराई जाये तो कई चौकाने वाले तत्व खुलकर सामने आ सकते है। यहां पर हुए लाखों रूपये की भ्रष्टाचार की शिकायत स्थानीय लोगों के द्वारा समय-समय पर जिला कलेक्टर से लेकर अपर मुख्य सचिव तक किया गया, लेकिन वाह!रे प्रशासन इतने ब? पैमाने पर हुए भ्रष्टाचार को न जाने कोंन से चश्मे से देख रहा कि उसे उक्त पंचायत में कोई खामी नजर नहीं आ रही है वहीं दूसरी तरफ शासन के पैसे से मालामाल हुए पंचायत के सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक सीना ठोककर गांव वालो को यह कहते फिर रहे की कर लो जितना शिकायत हो हमारा कोई बाल भी बाका नहीं कर सकता।

## धारा 144 के तहत आदेश जारी, शिवपुरी के स्थलों पर आमजन का प्रवेश रहेगा प्रतिबंधित

शिवपुरी। अनुविभागीय दण्डाधिकारी अरविंद कुमार वाजपेयी द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत तहसील शिवपुरी अंतर्गत आने वाले विभिन्न स्थलों पर जनसामान्य का आना-जाना प्रतिबंधित करने हेतु आदेश जारी किया है। जारी आदेश के तहत जन-सामान्य की जान एवं माल की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए तहसील शिवपुरी के सुल्तानग? वाटर फॉल (जिला शिवपुरी एवं जिला ग्वालियर की सीमा), भदैया कुण्ड, मडीखेडा बांध, टुंडा भरका, भूरा-खो पर आमजन का आना-जाना प्रतिबंधित रहेगा। यदि कोई व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करते हुए पाया जाता है तो उसके विरूद्ध भारतीय दण्ड विधान 1860 की धारा 188 एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 51 से 60 के अंतर्गत तथा अन्य सुसंगत अधिनियमों के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।उल्लेखनीय है



कि सुल्तानग? वाटरफॉल शिवपुरी एवं ग्वालियर की सीमा पर स्थित एक प्राकृतिक झरना है। जिसको देखने के लिए शिवपुरी एवं ग्वालियर से लोग आते है। वाटरफॉल का पहा?ियों से होता हुआ बारिश का पानी बहुत तेजी से बढता है। जिससे लोग उसमें फंस जाते है। पूर्व वर्ष 2018 में भी सुल्तानग? वाटर फॉल को देखने गये लोग पानी अचानक ब? जाने के कारण वाटरफॉल में ही फंस कर रह गये थे। चार दिन के रेस्क्यू के बाद 45 लोगों को बचाया गया था जिसमे 10 लोगों की जान भी चली गई थी। इस वर्ष भी मानसून के मौसम में ब?ी संख्या में सुल्तानग? वाटरफॉल को देखने वाले लोगों के आने की संभावना के चलते जन एवं पशु हानि को रोकने के लिए एवं इस प्रकार किसी प्रतिकूल परिस्थिति से बचने के लिये ऐसे स्थलों पर धारा 144 लगाए जाने की कार्यवाही की गई है।

## शिवपुरी जिले की निवासी पूर्णिमा ने ग्वालियर के बिरला हॉस्पिटल में किया रक्तदान



शिवपुरी।

शहर की बेटी ने अब जरूरत पर ग्वालियर के श्री ब्लड बैंक में दुसरीं बार ब्लड डोनेट किया शुक्रवार को ग्वालियर सिटी में पूर्णिमा अग्रवाल ने ग्वालियर में थैलेसीमिया बीमारी से पीड़ित बच्ची नीलम को पूर्णिमा अग्रवाल ने शुक्रवार को दूसरी बार बी पॉजिटिव रक्तदान किया। जैसा कि हम आपको बता दे की पूर्णिमा अग्रवाल ग्वालियर से बहुत अच्छी एक समाजसेवी भी है नारी शक्ति को जय माई मानव सेवा समिति शिवपुरी एवं नवनीत एक्सप्रेस परिवार की ओर से बहुत-बहुत धन्यवाद करती है।

## अब फोन पर उपलब्ध रहेंगें बिजली कर्मचारीः फोन बंद मिला तो होगी कार्यवाही

शिवपुरी। मध्य विद्युत क्षेत्र वितरण कंपनी द्वारा लगातार विद्युत आपूर्ति की सुचारू व्यवस्था के लिए कंपनी कार्यक्षेत्र के 16 जिलों के बिजली कार्मिकों को 24×7 दिवस अपने फोन चालू रखने के निर्देश दिये गए हैं। गौरतलब है कि बारिश, ऑधी, तूफान आदि के कारण विद्युत लाइनों में खराबी आने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित होने की संभावना होती है। इस दौरान आई खराबी एवं विद्युत लाइनों को दुरूस्त करने में काफी समय लग जाता है, जिसके कारण उपभोक्ताओं को लगातार विद्युत आपूर्ति किए जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है।



इस दौरान उपभोक्ता शिकायतों की संख्या बढ़ने एवं उपभोक्ता असंतोष की स्थिति से निपटने के लिए मैदानी अमले के साथ-साथ विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था से जु? नियमित/संविदा/सेवाप्रदाता कार्मिकों को 24×7 दिवस एवं अवकाश के दौरान भी अपना मोबाइल फोन चालू रखने के निर्देश जारी किए गए हैं। कंपनी ने बताया है कि किसी भी अधिकारी कर्मचारी का मोबाइल यदि विशेष कारणों से बंद भी होता है तो वे अन्य संपर्क सूत्र से अपने नियन्त्रणकर्ता अधिकारी को अवगत करायेंगे तथा नियन्त्रण-कर्ता अधिकारी की अनुमति के बिना कोई भी कार्मिक मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे। कंपनी ने कहा है कि यदि कोई भी कर्मचारी निर्देशों का पालन नहीं करता है तो उसके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

## कोरोना काल में डॉक्टरों ने निभाई देवदूतो की भूमिकाः कु.शिवानी राठौर







शिवपुरी। नेशनल डॉक्टर दिवस के अवसर समाजसेवी कु शिवानी राठौर ने राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर वैक्सीनेशन शिविर में नेशनल डॉक्टर दिवस के अवसर पर समाजसेवी शुभम राठौर एवं समाजसेवी अमन राठौर के साथ सी.एम.एच.ओ.अर्जुन लाल और डी आई ओ संजय ऋषिस्वर का सम्मान किया। इस अवसर पर कु. शिवानी राठौर ने बताया कि हमारे जिले के समस्त डॉक्टरों ने अपने सहयोगी स्टाफ के साथ कोरोना वैश्विक महामारी के संकट से निपटने के लिए आम जनता के लिए देवदूतों के रूप में भूमिका निभाई। जिले के सभी डॉक्टर ने डॉक्टर ए एल शर्मा एवं डॉ संजय ऋषिस्वर के नेतृत्व में दिन रात एक कर के आम नागरिकों के जीवन की रक्षा का पूर्ण प्रयत्न किया। डॉक्टर्स दिवस के अवसर पर हम आभार व्यक्त करते हैं हमारे जिले के समस्त डॉक्टर्स का जिन्होंने अपने कर्तव्य को सबसे ऊपर रखकर आम जनमानस की रक्षा की। राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर जी की स्मृति में चलाया जा रहे वैक्सीनेशन शिविर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह सातवां चरण के शिविर को मिलाकर लगभग 1200 लोगों द्वारा वैक्सीनेशन कराया जा चुका है।यह शिविर गर्ल्स स्कूल कोर्ट रोड पर आयोजित हो रहा है। डॉक्टर्स डे के अवसर पर डॉक्टर्स के सम्मान के साथ साथ उन कोरोना वॉरियर्स का भी सम्मान किया जिन्होंने कोरोना काल में अपनी सेवाएं आम जनता को उपलब्ध कराई। इस शिविर को सफल बनाने में कुमारी शिवानी राठौर के साथ शुभम राठौर अमन राठौर,अरविंद शर्मा जोनल ऑफिसर, बीडी शाक्यवार सेक्टर मजिस्ट्रेट, संजनी शर्मा ए एन एम स्नेह लता स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी, बी एल ओ रामलाल जाटव, जितेंद्र शर्मा, रमेश पांडे, राम कुमार राठौर, नीलेश श्रीवास्तव बीएलओ के साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मिलन गुप्ता, आसमा बेगम, एवं सहायिकाओं समा बेगम, मंजू राठौर का भी सहयोग प्राप्त हुआ।

# नैनो न्यूज

## आज केवल लगेगा कोवैक्सीन का दूसरा डोज

भिण्ड । आज शनिवार को केवल कोवैक्सीन का दूसरा डोज ही लगेगा। किसी भी कोविड वैक्सीन का पहला डोज नही लगेगा। जिन्हें कोवैक्सीन का पहला डोज लगाये हुये 28 दिन (लगभग एक माह) पूर्ण हो चुका केवल उन्हें 03 जुलाई को कोवैक्सीन का दूसरा डोज लगेगा। 5 जुलाई को केवल कोविशील्ड का दूसरा डोज ही लगेगा, जिन्हें कोविशील्ड का पहला डोज लगाये हुये 84 दिन (लगभग तीन माह) पूर्ण हो चुका हैं उन्हें 5 जुलाई को कोविशील्ड का दूसरा डोज लगेगा। साथ ही 4 जुलाई 2021 को कोविड वैक्सिनेशन नही होगा।

## कलेक्टर ने किया सर्वा आंगनवाड़ी केंद्र पर पौधारोपण

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने गोहद क्षेत्र के ग्राम सर्वा आंगनवाड़ी केंद्र पर सिट्रस एवं अन्य फलदार पौधारोपण किया। इस अवसर पर एसडीएम गोहद शुभम शर्मा उपस्थित रहे। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वा आंगनवाड़ी केंद्र पर पौधारोपण किया गया एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को अन्य आंगनवाड़ी केन्द्रों पर पौधारोपण करने पौधे वितरित किए गए। कलेक्टर ने आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को भी देखा। कलेक्टर एवं एसपी ने गोहद क्षेत्र के शा.उ.मा विद्यालय सर्वा का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर एवं एसपी ने शाउमावि सर्वा की साफ-साफाई के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए।



## वार्ड क्र. में लगे कम्प्रेशरों से मुहल्लेवासी परेशान


**-दिन रात गंदगी में जीवन यापन करने को मजबूर**

भिण्ड। लहार नगर के वार्ड नम्बर 10 में लगे चार कम्प्रेशरों से मुहल्ले बासियों को परेशानी का सामना करना पड रहा है आलम ये है कि ये कम्प्रेशर चालक नाला रोकर नाले के पानी मे मोटर डालकर अपना काम चलाते है ओर पानी रोड पर निकाल देते है जिससे कि मैन रोड पर जहां से दिनभर वरिष्ठ अधिकारियों का आना जाना लगा रहता है पर कोई भी वरिष्ठ अधिकारी आज तक इतनी जहमत नहीं उठा सका जिससे कि नाले की सफाई हो और वार्डवसियों को गंदगी से निजात मिले और कम्प्रेशरों का कार्य भी अनवरत रूप से चलता रहे जिससे उन्हें भी बेरोजगारी का सामना न करना पड़े।

## जिला पर्यटन समिति की बैठक संपन्न

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में जिला पर्यटन समिति की बैठक आज कलेक्टर कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में एडीएम भिण्ड प्रवीण फुलपगारें, एसडीएम भिण्ड-अटेर उदय सिंह सिकरवार सहित अन्य समिति सदस्य उपस्थित थे। बैठक में जिले के पर्यटन स्थलों के संवंध में कार्य योजना बनाने जिससे इन स्थलों पर पर्यटकों का आवागमन बढ़े। पर्यटन स्थलों पर आवश्यक जरूरी सुविधायें उपलब्ध हो इसकी भी व्यवस्था के संवंध में समिति में चर्चा हुई। साथ ही पर्यटन स्थलों का बेहतर प्रवंधन एवं उनके संवंध में जानकरी का संकलन का कार्य भी किया जाए इस पर भी चर्चा की गयी।

# खराब सड़क देख मंत्री बोले इसका पेमेंट रोके





## अटेर चौम्हो की गुणवत्ताहीन सड़क पर जताई नाराजगी, ठेकेदार के भुगतान पर लगायी रोक

भिण्ड। अटेर चौम्हो की गुणवत्ताहीन सड़क को देखकर कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया भड़क गए। उन्होंने कार्यपालन यंत्री केके शर्मा से साफ शब्दों में कहा कि इस सड़क का पेमेंट नहीं होना चाहिएए ध्यान रखना। इसमें कितनी गिट्टीए कितना डामर और क्या एस्टीमेट है उस हिसाब से रोड बनी है या नहीं इसकी जांच करो। साथ ही उन्होंने मौके पर मौजूद सहायक यंत्री की ओर इशारा करते हुए कहा कि तुम तो सस्पेंड होगे और जो भी दोषी है उनके विरुद्ध कार्रवाई होगी।

दरअसल मंत्री डॉ.भदौरिया का गुरुवार की दोपहर अटेर क्षेत्र में दौरा था। वे दोपहर के समय अटेर से चौम्हो रोड से गुजर रहे थेए जो कि नई सड़क बनी है। लेकिन उसकी खस्ता हालत को देखकर मंत्री ने गाड़ी रुकवा दी। साथ ही जिम्मेदारों को भी तलब कर लिया।

करीब पांच किलोमीटर की यह रोड जगह जगह खुद रही थी। जिससे मंत्री डॉ भदौरिया को गुस्सा आ गया। उन्होंने ग्रामीणों से पूछा कि यह सड़क किसने खोदी। तभी एक ग्रामीण बोला कि पास के गांव के राकेश तोमर ने सड़क खोदी है। मंत्री बोले तो फिर उसे आपने रोका क्यों नहीं। ग्रामीण बोले रात के समय खोदी थी। मंत्री ने कहा कि तुम शिकायत करते पुलिस पकड़ती, तो ग्रामीण चुप रहे। इस पर मंत्री ने थाना प्रभारी को इशारा करते हुए कहा कि आपके पास इस सड़क की शिकायत आएगी। आप उसमें देखो कौनसी धाराएं लगेंगी और उस पर एफआईआर दर्ज करो। इसके बाद कार्यपालन यंत्री शर्मा की ओर मुखातिब होते हुए बोले इसकी जांच कराओ।

# सड़क बनने से विकास मार्ग होंगे प्रशस्त : संजीव सिंह



## वार्ड क्रमांक 09 में सीसी सड़क का विधायक ने किया लोकार्पण

भिण्ड। शुक्रवार को सदर विधायक संजीव सिंह ने वार्ड क्रमांक 09 में सीसी रोड़ का लोकार्पण किया। उक्त सड़क मार्ग बनने से वार्ड के सैकड़ों परिवार कीचड़ से बाहर स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण नवीन सड़क से हतोत्साहित हुए। सड़क लोकार्पण के पश्चात विधायक संजीव सिंह ने कहा कि मैं जब ये सड़क नहीं बनी थी तो इस रास्ते से निकल नहीं पाया और इधर उधर से घूमकर आप लोगों के बीच आना पड़ा। सड़क बन जाने से मौहल्लेवासी और छोटे-छोटे बच्चे आसानी से बरसात के दिनों में भी स्कूल जा सकते हैं। वार्ड क्रमांक 09 के ये सड़क 50 लाख रूपये की राशि से बनकर तैयार हुई। शहर के आकार में होने वाले फैलाव की दृष्टि से आवागमन के लिए नए रास्ते बनने की जरूरत है। नई सड़कों के बनने से बाजार विकेंद्रीकृत होता है और विकास का मार्ग भी प्रशस्त होता है। विधायक ने मौहल्लेवासियों की पानी, लाइट और नाला निर्माण की समस्या सुनी जिन्हें जल्द ही पूर्ण कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कुलदीप शास्त्री, पूर्व पार्षद अनूप पाण्डेय, पूर्व पार्षद रक्षपाल सिंह राजावत, ठेकेदार किशन सोनी, गंगाधर थापक, जयसिंह नरवरिया, राहुल सिंह राजावत, मनोज कुशवाह सहित मौहल्ले के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# सरपंच-सचिव मजदूरों के हक पर चलवा रहे जेसीबी मशीन

भिण्ड। ग्राम पंचायत भटपुरा के ग्राम उदोतपुरा में सरपंच एवं सचिव द्वारा बिना की ग्राम सभा सदस्यों की सहमति से नारायणदास प्रजापति के घर से गुलाब जाटव के घर तक नाला निर्माण कार्य करवाया जा रहा, जो भारत सरकार के नियमानुसार मजदूरों की सहायता से होना चाहिए जिससे गरीव परिवार के लोगों का भरण पोषण हो सके। लेकिन सरकार के नियमो की अंदेखी करते हुए अपने मनमाने तरीके से जेसीबी मशीन की सहायता से नाला निर्माण कर गरीबों का हक छीन रहे है जिसके चलते ग्राम उदोतपुरा का एक जत्था जनपद सीईओ से मिला और उनको शिकायती आवेदन दिया एवं एक आवेदन उचित जांच हेतु एसडीएम लहार आरए प्रजापति को दिया। ज्ञापन देने वालों में मानसिंह, जितेंद्र सिंह, मोहन दीक्षित, नेतराम, चरण सिंह, हरदास, पर्वत सिंह, प्रवेंद्र, संजीव, कमलेश आदि लोग मौजूद रहे।

**इनका कहना है :** शिकायत प्राप्त हुई है जिसकी जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी ।

**-आरए प्रजापति, एसडीएम लहार**

# महाअभियान में टीकाकरण में आयी कमी, दोपहर में ही टीके हुए समाप्त



भिण्ड। प्रदेश शासन का दावा है कि हर किसी को कोरोना टीका लगाया जाएगा। इसके लिए सारे इंतजाम किए गए हैं, लेकिन गोहद नगर में सरकार का यह दावा औंधे मुंह गिर गया है। यहां पर टीके ही पर्याप्त नहीं मिल पा रहे हैं। दोपहर1 बजे के बाद नगर में टीकाकरण ठप हो गया,क्योंकि टीके ही नहीं बचे थे। इस पर परेशान लोगों ने हंगामा भी किया। गौरतलब है कि जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर के शासकीय गर्ल्स स्कूल को वैक्सीनेशन सेंटर बनाया गया है। गुरुवार को टीकाकरण के लिए 280 डोज स्वास्थ्य कर्मचारियों को मिली थी, दोपहर करीब 12 बजे के बाद टीकाकरण के लिए अनुमान से अधिक वैक्सीन लगवाने के लिए पहुंच गए। लेकिन दोपहर एक बजे तक वैक्सीन के खत्म होने पर टीकाकरण रूक गया।

इस बात से टीका लगवाने के लिए पहुंचे लोग आक्रोशित हो गए। उन्होंने कहा कि जब विभाग के पास पर्याप्त टीका नहीं हैं तो टीकाकरण का प्रचार-प्रसार क्यों कराया जा रहा है। इस दौरान वैक्सीन प्रभारी शैलेंद्र शर्मा ने बताया कि गोहद क्षेत्र में वैक्सीनेशन के 27 सेंटर बनाए गए हैं। गुरुवार को गोहद क्षेत्र के लिए वैक्सीन के 2 हजार 830 डोज दिए गए थे, जिसमें नगर के सेंटर पर 280 डोज आए थे, लेकिन टीकाकरण के लिए 650 से 700 लोगों के आए। वहीं दूसरी ओर मालनपुर और असवार में भी टीकाकरण को लेकर लोगों में उत्साह दिखाई दिए, जिसके चलते शासकीय अस्पताल में बड़ी संख्या में लोग वैक्सीन लगवाने के लिए पहुंचे।

# विशेष न्यायधीश ने दी वरिष्ठ लिपिक कर्मचारी को विदाई



भिण्ड। जिला न्यायालय में चार दशक तक अपनी सेवाएं दी। इस दौरान न्यायालय की प्रक्रिया में हमेशा ही सहयोगी रहे। सहज और मिलनसार होना इनकी पहचान है। यह बात विशेष न्यायधीश सुशील कुमार श्रीवास्तव ने न्यायालय के लिपिक रामबरन सिंह कुशवाह की विदाई करते हुए कही। विदाई कार्यक्रम के दौरान रामबरन सिंह कुशवाह ने कहा कि जीवन में हमेशा ही सभी वरिष्ठ लिपिक को विदाई देते विशेष न्यायधीश सुशील कुमार श्रीवास्तव वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग रहा। जब भी कोई परेशानी आई उसमें मदद की। वरिष्ठ न्यायधीश हमेशा ही सहयोगी रहे।

जिला अभिभाषक संघ ने वरिष्ठ लिपिक रामबरन सिंह कुशवाह का किया सम्मान

न्यायालय में जीवनभर नौकरी करने के दौरान सरल और सहज स्वभाव के रामबरन सिंह कुशवाह ने सभी की मदद की। चार दशक के कार्यकाल में कभी भी विवादित नहीं रहे। यह बात बुधवार को जिला अभिभाषक संघ के कक्ष में आयोजित विदाई समारोह के कार्यक्रम में जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष रज्जन सिंह ने कही। संघ के अन्य पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। जिला अभिभाषक संघ की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मध्यप्रदेश न्यायिक कर्मचारी संघ के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष विजय शर्मा ने भी उनका सम्मान किया। विदाई समारोह में सेवानिवृत्त रामबरन सिंह कुशवाह ने कहा कि न्यायालय में हमेशा ही अभिभाषकों का सहयोग मिला। जब भी उनकी आवश्यकता पड़ी उन्होंने मदद की। उनका योगदान हमेशा स्मरणीय रहेगा। कार्यक्रम के दौरान अभिभाषक संघ के उपाध्यक्ष हनुमंत बौहरे, सचिव शैलेंद्र सिंह, सह सचिव प्रभाष जैन, कोषाध्यक्ष महेश नरवरिया, लाइब्रेरियन विकास जोशी, अरविंद बघेल, नरेंद्र बघेल सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# बैठक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर निकली भड़ास, महिला नेत्री भिड़ी

## कांग्रेस है तो हम है, कांग्रेस है तो मेवाराम है : विधायक

गोहद। विधानसभा उपचुनाव में विजयश्री हासिल करने के बाद सात माह के समय अंतराल से गोहद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा कार्यकर्ता बैठक का आयोजन बिधायक मेवाराम जाटव की अध्यक्षता में आदर्श बाटिका नया बस स्टेंड पर आयोजित की गई बैठक का मुख्य उद्देश्य जनसमस्याओं के संदर्भ में जनांदोलन की रूपरेखा कार्यकर्ताओं की सहमति से तय करना बैठक में जिलाध्यक्ष जयश्रीराम बघेल, भिंड दतिया लोकसभा प्रत्याशी देवाशीष जरीया, अनिरुद्ध प्रताप सिंह, राघवेंद्र शर्मा, भानुप्रताप सिंह, रणवीर यादव, राहुल भदौरिया, राजकुमार देशलहरा, राजीव कौशिक, केशव देसाई, राघवेंद्र तोमर, कुलदीप गुर्जर, आशीष गुर्जर, साबू खान सलीम बख्स, नरोत्तम चौरसिया, प्रमोद शुक्ला, गुड्डू भदौरिया आदि उपस्थित थे।



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यकर्ता बैठक का मुख्य उद्देश्य जनसमस्याओं के निराकरण हेतु आंदोलन की रूपरेखा तय करना लेकिन यहाँ सत्ता व संगठन में आपसी आभाव के कारण अनुशासन तार तार हो गया यहाँ कार्यकर्ताओं ने अपनी बारी आते ही बिधायक पर भड़ास निकलना शुरू कर दिया यहाँ कार्यकर्ताओं का आरोप था कि हमने कांग्रेस को जिताने के लिए इसलिए मेहनत नही कि हमारा विधायक हम से दूर हो जाएगा हमे आवश्यकता पड़ेगी तो महोदय फोन अटेंड नही करेंगे विधायक ने कहा था कि कार्यकर्ता पर संकट आएगा तो हम आपके बीच खड़े मिलेंगे लेकिन आपने गोहद ही छोड़ दी आपका यह कहना कि हमारी पार्टी की सरकार नही है अधिकारी सुनते नही तो फिर आप बिधायक क्यो बने आप तो जनता के बीच रहिये समस्या निराकरण हेतु सड़क पर आंदोलन कीजिये लेकिन आपने तो अपनो से दूरी बना ली यहाँ कार्यकर्ताओं ने यहाँ तक कहा कि चुनाव में कार्यकर्ताओं ने मेहनत की और प्रमुख पदों पर रिश्तेदारों को बिठा रहे है यहाँ कांग्रेस नेत्री पिंकी ने गोहद नगर में होने वाले दूषित पेयजल व वार्ड 4 में व्याप्त पेयजल संकट का मुद्दा उठाया इस पर महिला नेत्री मालती को नागवार गुजरा उन्होंने पिंकी को खरी खोटी सुना दी। यहाँ तहसील शाह ने भी बिधायक से सुधार लाने की अपील की बैठक के अंत मे बिधायक मेवाराम जाटव ने वही अपना राग अलापा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार है प्रमुख पदों पर उनके ही अधिकारी बैठे है वो मेरी सुनते नही है भाजपा आरएसएस के लोग नही चाहते कि गोहफ में कांग्रेस का बिधायक ताकतवर बने उन्होंने कहा कि में जनता का ऋणी हूं कि आपने उपचुनाव में सरकार के खिलाफ धनबल व बाहुबल के आगे न झुकते हुए कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया मेरी ताकत आप है आप मेरे कंधे से कंधा मिलाकर साथ दीजिये आप ओर हम मिलकर शासन प्रशासन की ईंट से ईंट बजा देंगे। अंत में गोहद की समस्या निराकरण हेतु ज्ञापन गोहद एसडीएम शुभम शर्मा को सौपकर निराकरण हेतु 15 दिन की चेतावनी दी।

# नशा आर्थिक सामाजिक और मानसिक विनाश करता है: हिंडौलिया

**जिला पंचायत अध्यक्ष ने नशे के दुष्प्रभाव बताने वाले वाहन को हरी झण्डी दिखा कर किया रवाना**




भिण्ड। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है लेकिन किसी भी व्यक्ति में नशे की लत उसका आर्थिक सामाजिक और मानसिक विनाश कर देता है। यह बात जिला पंचायत परिसर भिण्ड में अहिंसा महिला बाल कल्याण स्वास्थ्य शिक्षा प्रसार समिति द्वारा संचालित अहिंसा नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र मालनपुर के तत्वाधान एवं सामाजिक न्याय विभाग के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर नशे के दुष्प्रभाव बताने वाले प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष रामनाराण हिण्डौलिया ने कही। अंतराष्ट्रीय नशा मुक्त दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को नशे की लत से दूरी बनाकर रखना चाहिए ताकि समाज में उसकी पूछ परख बनी रहे। उन्होंने कहा कि नशा करने वाले व्यक्ति का सामाजिक हस तो होता ही है साथ ही धनए बलए बुद्धि सब नष्ट हो जाती है। इस मौके पर समाजसेवी धरमवीर सिंह द्वारा गीतों के माध्यम से लोगों को नशा मुक्ति के पथ पर अग्रसर होने साथ ही कोरोना से बचाव के नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया। तत्पश्चात अहिंसा समिति द्वारा प्रचार वाहन को अध्यक्ष जिला पंचायत भिण्ड रामनारायण हिंडोलिया द्वारा अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी भिण्ड शशि भूषण शर्मा एवं संस्था अध्यक्ष श्यामसुंदर श्रीवास्तव, सोशल वर्कर उमेश श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव, हरीसिंह, अतीश श्रीवास्तव एवं अन्य जिला पंचायत भिण्ड का अन्य स्टाफ की उपस्थिति में हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। यह प्रचार वाहन नशे के दुष्परिणामों को बताते हुए शहर एवं गावों में जागरूकता प्रदान करेगा। आभार प्रदर्शन संस्था सचिव दीपेश श्रीवास्तव ने किया।

# डेल्टा प्लस का खतरा

कोरोना विषाणु के नए रूप डेल्टा प्लस का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। दो दिन पहले सरकार चेतावनी दे चुकी है कि तीसरी लहर हमारे हाथ में है। उसे हम रोक सकते हैं। मगर चिंता की बात यह है कि इस वैरिएंट के केस लगातार सामने आ रहे हैं। महाराष्ट्र, केरल और छह मध्य प्रदेश के बाद यह दूसरे राज्यों में जड़ें मजबूत कर रहा है। कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, पंजाब और जम्मू में भी डेल्टा प्लस से संक्रमित मरीजों की पुष्टि हो चुकी है। केंद्र सरकार ने राज्यों को परामर्श जारी किया है कि वे इस नए रूप वाले विषाणु के खतरे से निपटने को तैयार रहें। डेल्टा प्लस कितना खतरनाक है, इसका अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि सरकार ने इसे चिंताजनक विषाणु की श्रेणी में रखा है। दूसरी लहर ने जिस तरह से तबाही मचाई, उससे सबक लेते हुए अब केंद्र और राज्यों को सतर्कता बरतना जरूरी है। विशेषज्ञ तीसरी लहर की चेतावनी दे ही रहे हैं। इसलिए इस आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है कि डेल्टा प्लस ही तीसरी लहर का कारण बन जाए। ब्रिटेन में तीसरी लहर का असर देखा जा रहा है। आस्ट्रेलिया की भी आधी से ज्यादा आबादी घरों में है। बांग्लादेश में 14 दिन का सख्त लॉकडाउन लगा दिया गया है। हम इस परिस्थिति से दो-चार ना हों तो जरूरी है कि सरकार की सुनें और सिर्फ सुनें। वह जो कह रही है, जो करने के लिए बोल रही है, वह करते जाएं। न अफवाह में फंसे और न ही दिमाग लगाएं। अभी तक देखने में यही आया है कि डेल्टा प्लस संक्रमण भी उसी तरह से फैल रहा है जैसे कोरोना फैलना शुरू हुआ था। लोगों की बेरोकटोक आवाजाही से संक्रमण एक राज्य से दूसरे राज्य में पहुंचा और तेजी से फैलता गया। मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश आदि सभी राज्यों की सीमाएं एक दूसरे से लगी हैं। इसलिए अगर किसी भी राज्य से कोई संक्रमित दूसरी जगह पहुंच गया तो वह निश्चित तौर पर संक्रमण का वाहक होगा। वरना इन राज्यों में नए स्वरूप के मामले कैसे मिलते! इसी डर के कारण गोवा ने महाराष्ट्र से लगने वाली सीमा पर सतर्कता बढ़ा दी है। मध्यप्रदेश ने महाराष्ट्र के बीच परिवहन को बंद रखा है। पिछली बार संक्रमण का प्रसार रोकने के लिए राज्यों ने अपनी सीमाएं बंद कर ली थीं। भले अभी डेल्टा प्लस के मामले कम हैं, लेकिन जिस तरह राज्यों में विषाणु के इस नए रूप ने दस्तक दे दी है, वह चिंताजनक है। कहने को डेल्टा प्लस के मामले अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन, जापान, पोलैंड, स्विटजरलैंड और नेपाल में भी मिले हैं। पर इनमें से किसी भी देश ने इसे चिंताजनक करार नहीं दिया है। लेकिन चिंता की बात तो है। कोरोना विषाणु अब तक हजारों तरह के रूप बदल चुका है। वैज्ञानिकों के लिए यह कोई कम बड़ी मुश्किल नहीं है। विषाणु के रूप बदलते रहने के कारण संक्रमितों की जांच से लेकर टीका विकसित करने तक में बाधाएं आती हैं। यह तय कर पाना भी आसान नहीं रह जाता कि कौनसा मरीज किस रूप के विषाणु से संक्रमित है और कौन सा टीका किस-किस रूप का तोड़ बन सकता है। अभी तक यही माना जा रहा है कि भारत में दूसरी लहर का कहर डेल्टा रूप वाले विषाणु ने ही बरपाया। इसी डेल्टा विषाणु ने अब डेल्टा प्लस का रूप धारण कर लिया। बहरहाल अब इससे बचने के बजाय इसे पिछली लापरवाहियों के सबक के रूप में लेने की जरूरत है। जांच और संक्रमित व्यक्ति के संपर्कों में आने वालों का पता लगा कर उन्हें एकांतवास में रखने और पर्याप्त इलाज देने की जरूरत है। संक्रमितों की जांच से लेकर इलाज तक में जिस तरह की लापरवाही और कुप्रबंधन का जो खमियाजा हमने भुगता है, उससे अब बचना होगा। नहीं तो बहरूपिया विषाणु और घातक साबित हो सकता है।

# 2022 चुनाव बहुजन समाज पार्टी के बदलते समीकरण: कितने सार्थक?

**अशोक भाटिया**

आगामी कई राज्यों के चुनावों में मायावती ने ऐलान किया है कि बहुजन समाज पार्टी 2022 में यूपी चुनाव अपने बूते लड़ेगी , और ये रणनीति उत्तराखंड चुनाव में भी लागू रहेगी। मतलब, मायावती उत्तर प्रदेश में किसी भी राजनीतिक दल से गठबंधन नहीं करने जा रही हैं।राज्यों के मायावती 2022 का पंजाब चुनाव तो अकाली दल के साथ गठबंधन करने लड़ेंगी, लेकिन यूपी चुनाव में कोई गठबंधन नहीं करेंगी। इसके साथ ही उत्तराखंड के बारे में भी बीएसपी नेता ने ऐसा ही कहा है।2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में मायावती गठबंधन के साथ ही उतरी थीं। खास बात ये रही कि बिहार के जिस चुनावी गठबंधन में मायावती शामिल थीं, असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी भी उसका हिस्सा रही थी। यूपी की एक और पार्टी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी भी उसी गठबंधन में शामिल थी। ग्रैंड डेमोक्रेटिक सेक्युलर फ्रंट. फ्रंट के नेता उपेंद्र कुशवाहा रहे जो चुनाव बाद अपनी पार्टी के साथ नीतीश कुमार की जेडीयू में शामिल हो गये. फिलहाल वो जेडीयू के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष हैं।

असदुद्दीन ओवैसी के साथ गठबंधन को लेकर मायावती ने बड़े ही सख्त लहजे में रिएक्ट किया है और ये बात थोड़ी अजीब लगती है। आखिर मायावती को ओवैसी के साथ भी अखिलेश यादव जैसा ही कोई गठबंधन का कड़वा अनुभव हुआ है या फिर वो मुस्लिम समुदाय के बीएसपी का साथ न देने से खफा हैं।2012 में अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी के हाथों सत्ता गंवाने के बाद से मायावती ने कम से कम दो चुनावों में बड़ी उम्मीद के साथ मुस्लिम वोट बैंक को साधने की शिद्दत से कोशिश की , 2014 के आम चुनाव और 2017 के यूपी विधानसभा चुनावों में भी।2019 में भी देवबंद की एक रैली में मायावती के भाषण पर काफी विवाद हुआ था। भाजपा की तरफ से चुनाव आयोग में शिकायत भी की गयी थी। तब भाजपा नेता जेपीएस राठौर ने मायावती पर वोट के लिए धार्मिक उन्माद भड़काने जैसे बेहद गंभीर आरोप लगाये थे। बीएसपी नेता के जिस भाषण पर बवाल मचा था, उसमें मायावती कह रही थीं, मैं खासतौर पर मुस्लिम समाज के लोगों से ये कहना चाहती हूं कि आपको भावनाओं में बहकर, रिश्ते-नातेदारों की बातों में आकर वोट बांटना नहीं है , बल्कि, एकतरफा वोट देना है। % तब मायावती सपा-बसपा गठबंधन के लिए वोट मांग रही थीं और साफ साफ कह रही थीं कि कांग्रेस को वोट न देकर वे सिर्फ गठबंधन को वोट दें ताकि भाजपा को सत्ता से बेदखल किया जा सके।2017 के चुनाव में मायावती को भाजपा को लेकर कोई संभावना तो रही नहीं होगी, इसलिए सारा फोकस अखिलेश यादव को दोबारा सत्ता में आने से रोक कर खुद लौटने की कोशिश रही। तब बीएसपी को मुस्लिम वोट दिलाने के लिए मायावती ने नसीमुद्दीन सिद्दीकी को जिम्मेदारी दे रखी थी और पूर्वी यूपी के मुस्लिम वोट के लिए मुख्तार अंसारी को सुधरने के नाम पर एक और मौका दिया था। नसीमुद्दीन सिद्दीकी जैसे उन दिनों बीएसपी के लिए वोट मांग रहे थे, वैसे ही फिलहाल सलमान खुर्शीद की अगुवाई में कांग्रेस के लिए समर्थन जुटाने की कोशिश कर रहे हैं।अखिलेश यादव के साथ चुनावी गठबंधन तोड़ते वक्त मायावती ने एक खास वजह भी बतायी थी। वोट ट्रांसफर न होना. असल में, गोरखपुर, फूलपुर और उसके बाद कैराना उपचुनाव में मायावती ने समाजवादी पार्टी के कैंडीडेट को सपोर्ट किया था और तीनों उपचुनावों में समाजवादी पार्टी के उम्मीदवारों की जीत की वजह वो बीएसपी के वोटों का ट्रांसफर होना मान कर चल रही थीं। शायद ये बात ही 2019 के आम चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन का प्रमुख आधार भी रही होगी।2014 में जीरो बैलेंस में रहीं मायावती ने 2019 में 10 संसदीय सीटों पर जीत हासिल की थी, लेकिन अखिलेश यादव की पार्टी को महज 5 ही सीटें मिली थीं। मायावती के मैनपुरी पहुंच कर वोट मांगने से या जैसे भी मुलायम सिंह यादव तो संसद पहुंच गये, लेकिन डिंपल यादव चुनाव हार गयीं।बाद में भी मायावती को अक्सर भाजपा के सपोर्ट में खड़े देखा गया. लगता तो ऐसा ही है जैसे मायावती



के शब्द भले अलग हों, लेकिन उनके स्टैंड खुल कर भाजपा के एजेंडे के सपोर्ट में हो गया है। ये ऐसा है जो मुस्लिम समुदाय को बीएसपी से दूर ही ले जा सकता है, नजदीक आने का तो सवाल ही पैदा नहीं होता।

जब यूपी में नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन चल रहा और पुलिस एक्शन के शिकार मुस्लिम परिवारों से प्रियंका गांधी मिलने जातीं तो भाजपा से पहले मायावती ही कांग्रेस महासचिव के खिलाफ धावा बोल देतीं। जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने के मामले में भी मायावती ने खुल कर मोदी सरकार का सपोर्ट किया. आलम ये रहा कि धारा 370 पर सरकार के स्टैंड के खिलाफ बोलने पर मायावती ने दानिश अली को लोक सभा में बीएसपी के नेता के पद से भी हटा दिया। ऐसे कई मौकों पर कांग्रेस विरोध के नाम पर मायावती का स्टैंड भाजपा के सपोर्ट में ही नजर आया, जो मुस्लिम समुदाय को कभी मंजूर नहीं हो सकता। तभी तो कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने मायावती को भाजपा का अघोषित प्रवक्ता तक करार दिया है।आम चुनाव के दौरान मायावती खुद को प्रधानमंत्री पद के दावेदार के तौर पर भी पेश कर रही थीं। एक रैली में मायावती समझा रही थीं कि अगर चुनाव बाद उनको लखनऊ से कहीं दिल्ली शिफ्ट हो जाना पड़ा और बीएसपी के लिए नया नेता चुनना पड़ा तो वो दलित नहीं तो मुस्लिम ही होगा। मुलायम सिंह और लालू याद2022 चुनाव बहुजन समाज पार्टी के बदलते समीकरण - कितने सार्थक ?

आगामी कई राज्यों के चुनावों में मायावती ने ऐलान किया है कि बहुजन समाज पार्टी 2022 में यूपी चुनाव अपने बूते लड़ेगी, और ये रणनीति उत्तराखंड चुनाव में भी लागू रहेगी। मतलब, मायावती उत्तर प्रदेश में किसी भी राजनीतिक दल से गठबंधन नहीं करने जा रही हैं।राज्यों के मायावती 2022 का पंजाब चुनाव तो अकाली दल के साथ गठबंधन करने लड़ेंगी, लेकिन यूपी चुनाव में कोई गठबंधन नहीं करेंगी।इसके साथ ही उत्तराखंड के बारे में भी बीएसपी नेता ने ऐसा ही कहा है। 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में मायावती गठबंधन के साथ ही उतरी थीं। खास बात ये रही कि बिहार के जिस चुनावी गठबंधन में मायावती शामिल थीं, असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी भी उसका हिस्सा रही थी। यूपी की एक और पार्टी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी भी उसी गठबंधन में शामिल थी। ग्रैंड डेमोक्रेटिक सेक्युलर फ्रंट. फ्रंट के नेता उपेंद्र कुशवाहा रहे जो चुनाव बाद अपनी पार्टी के साथ नीतीश कुमार की जेडीयू में शामिल हो गये. फिलहाल वो जेडीयू के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष हैं।

असदुद्दीन ओवैसी के साथ गठबंधन को लेकर मायावती ने बड़े ही सख्त लहजे में रिएक्ट किया है और ये बात थोड़ी अजीब लगती है। आखिर मायावती को ओवैसी के साथ भी अखिलेश यादव जैसा ही कोई गठबंधन का कड़वा अनुभव हुआ है या फिर वो मुस्लिम समुदाय के बीएसपी का साथ न देने से खफा हैं।2012 में अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी के हाथों सत्ता गंवाने के बाद से मायावती ने कम से कम दो चुनावों में बड़ी उम्मीद के साथ मुस्लिम वोट बैंक को साधने की शिद्दत से कोशिश की , 2014 के आम चुनाव और 2017 के यूपी विधानसभा चुनावों में भी।2019 में भी देवबंद की एक रैली में मायावती के भाषण पर काफी विवाद हुआ था। भाजपा की तरफ से चुनाव आयोग में शिकायत भी की गयी थी। तब भाजपा नेता जेपीएस राठौर ने मायावती पर वोट के लिए धार्मिक उन्माद भड़काने जैसे बेहद गंभीर आरोप लगाये थे। बीएसपी नेता के जिस भाषण पर बवाल मचा था, उसमें मायावती कह रही थीं, मैं खासतौर पर मुस्लिम समाज के लोगों से ये कहना चाहती हूं कि आपको भावनाओं में बहकर, रिश्ते-नातेदारों की बातों में आकर वोट बांटना नहीं है।

## कोई भी परिस्थिति हो, ये काम कभी बंद ना करें

अपने विचारों का मूल्यांकन करना कभी भी बंद न करें, क्योंकि विचारों का प्रवाह अनवरत और कभी-कभी अत्यधिक भी हो जाता है। हर नया विचार पुराने को चुनौती देता है। यहीं से भ्रम भी पैदा होता है और कभी-कभी अधिक विचार आने से निर्णय भी गलत हो जाते हैं। रावण के साथ यही हुआ। वह बहुत विद्वान था। लिहाजा उसके भीतर विचारों की भरमार थी। सुंदरकांड का दृश्य है। रावण के दरबार में हनुमानजी निर्भीक खड़े थे। दोनों का वार्तालाप शुरू होता है।

**कह लंकेस कवन तैं कीसा। केहि कें बल घालेहि बन खीसा।।**
**की धौं श्रवन सुनेहि नहिं मोही। देखउं अति असंक सठ तोही।।**

लंकापति रावण ने कहा - रे वानर! तू कौन है? किसके बल पर तूने वन को उजाड़कर नष्ट कर डाला? क्या तूने कभी मेरा नाम और यश नहीं सुना रे शठ! मैं तुझे अत्यंत निरूशंक देख रहा हूं। मारे निसिचर केहिं अपराधा। कहु सठ तोहि न प्रान कइ बाधा।। तूने किस अपराध से राक्षसों को मारा? बता, क्या तुझे प्राण जाने का भय नहीं है? यहां रावण ने हनुमानजी से पांच प्रश्न पूछे। इन शब्दों में अहंकार भरा हुआ था। रावण ने अपने ही विचारों को शब्दों से जोड़ने के लिए अहंकार का सेतु बनाया, जबकि विश्लेषण के साथ शब्द प्रस्तुत करने थे, क्योंकि सामने हनुमानजी खड़े थे।

# हवा में झूलता है मंदिर का खंभा, लेपाक्षी मंदिर उठो पक्षी

**विद्यावाचस्पति डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन**

यह छोटा सा गांव बहुत से प्राचीन अवशेषों और वास्तु शिल्प के आश्चर्यों का घर है। इनमें से एक है लेपाक्षी मंदिर का झूलता हुआ खम्बा। मंदिर के सत्तर खम्बों में से एक बिना किसी सहारे के लटकता है। आगंतुक इस खम्बे के नीचे से बहुत सारी वस्तुओं को डालकर तय करते हैं कि इस खम्बे को लेकर किए जा रहे दावे सच हैं या नहीं। जबकि स्थानीय नागरिकों का कहना है कि खम्बे के नीचे से विभिन्न वस्तुओं को निकालने से लोगों के जीवन में सम्पन्नता आती है। आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले का लेपाक्षी मंदिर हैंगिंग पिलर्स (हवा में झूलते पिलर्स) के लिए पूरी दुनिया में मशहूर है। इस मंदिर के 70 से ज्यादा पिलर बिना किसी सहारे के खड़े हैं और मंदिर को संभाले हुए हैं। मंदिर के ये अनोखे पिलर हर साल यहां आने वाले लाखों टूरिस्टों के लिए बड़ी मिस्ट्री हैं। मंदिर में आने वाले भक्तों का मानना है कि इन पिलर्स के नीचे से अपना कपड़ा निकालने से सुख-समृद्धि मिलती है। अंग्रेजों ने इस रहस्य को जानने के लिए काफी कोशिश की, लेकिन वे कामयाब नहीं हो सके।

हालांकि कुछ लोगों का कहना है कि मंदिर के बीचोबीच एक नृत्य मंडप है। इस मंडप पर कुल 70 पिलर यानी खंभे मौजूद हैं जिसमें से 69 खंभे वैसे ही हैं, जैसे होने चाहिए। मगर 1 खंभा दूसरों से एकदम अलग है, वो इसलिए क्योंकि ये खंभा हवा में है यानी इमारत की छत से जुड़ा है, लेकिन जमीन के कुछ सेंटीमीटर पहले ही खत्म हो गया। बदलते वक्त के साथ ये अजूबा एक मान्यता बन चुका है। ऐसा कहा जाता है कि अगर कोई इंसान खंभे के इस पार से उस पार तक कोई कपड़ा ले जाए, तो उसकी मुराद पूरी हो जाती है।



**मंदिर कथाः** वनवास के दौरान भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता यहां आए थे। सीता का अपहरण कर रावण अपने साथ लंका लेकर जा रहा था, तभी पक्षीराज जटायु ने रावण से युद्ध किया और घायल हो कर इसी स्थान पर गिरे थे। बाद में जब श्रीराम सीता की तलाश में यहां पहुंचे तो उन्होंने ले पाक्षी कहते हुए जटायु को अपने गले लगा लिया। ले पाक्षी एक तेलुगु शब्द है जिसका मतलब है उठो पक्षी। पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक इस मंदिर को ऋषि अगस्त ने बनाया था। लेकिन इतिहासकारों अनुसार मंदिर को सन् 1583 में विजयनगर के राजा के लिए काम करने वाले दो भाईयों (विरुपन्ना और वीरन्ना) ने बनाया था। जो भी हो लेकिन मंदिर के रहस्य को जानने के लिए अंग्रेजों में इसे शिफ्ट करने की कोशिश की, लेकिन वे नाकाम रहे थे। एक इंजीनियर ने इसके रहस्य को जानने के लिए मंदिर को तोड़ने का प्रयास किया तो पाया कि मंदिर के सभी पिलर हवा में झूलते हैं। यह मंदिर भगवान शिव, विष्णु और वीरभद्र के लिए बनाया गया है। यहां तीनों भगवानों के अलग-अलग मंदिर भी मौजूद हैं। यहां बड़ी नागलिंग प्रतिमा मंदिर परिसर में लगी है, जो कि एक ही पत्थर से बनी है। यह भारत की सबसे बड़ी नागलिंग प्रतिमा मानी जाती है। काले ग्रेनाइट पत्थर से बनी इस मूर्ति में एक शिवलिंग के ऊपर सात फन वाला नाग बैठा है। लेपाक्षी में हनुमान पद कहते हैं कि मंदिर में रामपदम (मान्यता के मुताबिक श्रीराम के पांव के निशान) स्थित हैं, जबकि कई लोगों का मानना है की यह माता सीता के पैरों के निशान हैं। दूसरी ओर, इन पैरों के निशान के बारे में कहा जाता है कि ये हनुमानजी के पैरों के निशान हैं।

पैरों के इस निशान को लेकर कई मान्यताएं हैं। कोई कहता है कि ये देवी दुर्गा का पैर है, कोई इसे श्रीराम के निशान मानता है, लेकिन इस मंदिर का इतिहास जानने वाले इसे सीता का पैर मानते हैं। ऐसा माना जाता है कि जटायु के घायल होने के बाद सीता ने जमीन पर आकर खुद अपने पैरों का यह निशान छोड़ा था और जटायु को भरोसा दिलाया था कि जब तक भगवान राम यहां नहीं आते, यहां मौजूद पानी जटायु को जिंदगी देता रहेगा। ऐसा माना जाता है कि ये वही स्थान है, जहां जटायु ने श्रीराम को रावण का पता बताया था। यहां मौजूद एक अद्भुत शिवलिंग है रामलिंगेश्वर जिसे जटायु के अंतिम संस्कार के बाद भगवान राम ने खुद स्थापित किया था। पास में ही एक और शिवलिंग है हनुमानलिंगेश्वर। बताया जाता है कि श्रीराम के बाद महाबली हनुमान ने भी यहां भगवान शिव की स्थापना की थी।

# पत्रकारों में सकारात्मक सोच विकसित करने से ही बच सकते है मूल्य

## सूडोकु नवताल-5760

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | | | 3 | | 6 | 1 | |
| 6 | 7 | | 9 | | 4 | | 2 | |
| 2 | | | | | 1 | | | 4 |
| | 3 | 9 | | | 7 | | | |
| | 6 | 2 | | 8 | | 4 | 7 | |
| | | | 6 | | | 9 | 3 | |
| 3 | | | 5 | | | | | 7 |
| | 4 | | 1 | | 6 | | 8 | 3 |
| | 8 | 5 | | 7 | | | 9 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -5759 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |

**डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**

वडोदरा के पारुल विश्वविद्यालय व माउंट आबू के प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से 28 व 29 जून को आयोजित कोरोना काल मे मूल्यपरक पत्रकारिता विषयक दो दिवसीय वेबनार में मीडिया में प्रभावित होती निष्पक्षता व दमतोड़ती सत्यता को लेकर चिंता प्रकट की गई लेकिन साथ ही सुझाव भी दिया गया कि यदि पत्रकारों को मूल्यनिष्ठ ,कर्तव्यनिष्ठ व चरित्रवान बनाने के लिए समय समय पर प्रशिक्षित किया जाए तो मीडिया जगत में सच परोसने वालो की संख्या बढ़ सकती है।पारुल विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रमेश कुमार रावत के कुशल संचालन व ब्रह्माकुमारीज मीडियाविंग के मुख्यालय समन्वयक बीके शांतनु भाई के संयोजन में देशभर से चुनिंदा पत्रकारो,मीडिया प्राध्यापको व संस्थान प्रमुखों ने मीडिया की वर्तमान दशा,कोरोना काल का पत्रकारिता पर प्रभाव तथा कोरोना संकट से उभरने के लिए पत्रकारों की भूमिका पर खुलकर विचार व्यक्त किये।वेबनार के पहले दिन शुरुआत में ब्रह्माकुमारीज मीडियाविंग के चेयरपर्सन बीके करुणा भाई ने कहा कि कोरोना के संकट में मीडिया ने अपनी सार्थक जिम्मेदारी निभाई है और विचलित हुए बिना राष्ट्रीय व सामाजिक सरोकारों को आमजन के सामने लाने में मीडिया का अहम योगदान है।उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्थान पिछले 25 वर्षों से पत्रकारिता को आध्यात्मिकता से जोड़कर देश विदेश के पत्रकारों को मूल्यनिष्ठ पत्रकारिता के लिए प्रशिक्षित व प्रेरित करता रहा है।अपने



मुख्य सम्बोधन में देश के जाने माने पत्रकार एन के सिंह ने वर्तमान दौर में मीडिया के माध्यम से परोसे जा रहे अर्द्ध सत्य की सारगर्भित विवेचना की और देश की अर्थव्यवस्था, चुनाव, राजनीति व मीडिया को दबाने की प्रवृत्ति को भी रेखांकित किया। ब्रह्माकुमार युग रत्न के आध्यात्मिक मधुर स्वागत गीत से शुरू हुई इस वेबनार मे मेजबान पारुल विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ देवांशु जे पटेल ने मीडिया वेबनार विषय को आज की आवश्यकता बताया और माना कि यह वेबनार उनके विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए एक मार्गदर्शक की भूमिका निभाएगी।इंदौर से वरिष्ठ प्रिंट मीडिया पत्रकार श्रवण गर्ग ने मीडिया की विभिन्न चुनोतियो को ओर ध्यानाकर्षण कराया और कोरोना काल मे मिडिया पर भी आए संकट को परिभाषित किया।उत्तराखंड से वरिष्ठ पत्रकार डॉ श्रीगोपाल नारसन ने कहा कि देश मे सच लिखने वाले अच्छे पत्रकारों की भी कमी नही है लेकिन अगर ब्रह्माकुमारीज जैसी संस्थाओं के माध्यम से पत्रकारों को समय समय व स्थान स्थान पर मिशनरी पत्रकारिता के लिए प्रशिक्षण दिया जाता रहा तो अर्द्ध सत्य परोसने वालो की संख्या घट सकती है और सत्य आधारित मूल्यपरक पत्रकारों की संख्या में आशातीत बढ़ोतरी हो सकती है।ब्रह्माकुमारीज मीडियाविंग के नेशनल कोर्डिनेटर बीके सुशांत भाई ने युवा पत्रकारों में चरित्रनिर्माण पर जोर दिया और कहा कि देश और समाज को उन्नत करने के लिए मूल्यो को समझना व उनपर चलना जरूरी है।जामिया मिलिया के प्रोफेसर सुरेश वर्मा ने भी मीडिया में अपेक्षित सुधार के लिए ब्रह्माकुमारीज के द्वारा आयोजित की जाने वाली नेशनल मीडिया सेमिनारों की आज के दौर में आवश्यता बताई।

जयपुर से पत्रकारिता के प्रोफेसर रहे संजीव भानावत ने माना कि मीडिया अच्छे काम भी बहुत कर रहा है और देश व समाज मे अपनी सार्थक भूमिका निभा रहा है।राज्य सभा टीवी के अधिशासी निदेशक रहे राजेश बादल ने मीडिया के योगदान पर चर्चा करते हुए कहा कि लोकतंत्र में मीडिया के महत्व को नकारा नही जा सकता और ब्रह्माकुमारीज के इस विषयक योगदान की सराहना की।वही कल्याण सिंह कोठारी ने भी स्वीकार किया कि पत्रकारों को निरन्तर मूल्याधारित पत्रकारिता का प्रशिक्षण देकर हालात बदले जा सकते है।

## राहुल गांधी पप्पू हैं, आप क्या है

**सनत जैन**

पिछले 7 वर्षों में भाजपा और सरकार में बैठे लोग राहुल गांधी को पप्पू बता रहे हैं। पप्पू ना तो कभी मंत्री रहा ना प्रधानमंत्री बना। हां कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष जरुर थे। जब अध्यक्ष बने तब गठबंधन की सरकार भी नहीं थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार पूर्ण बहुमत वाली सरकार है। इसमें राहुल गांधी की कोई भूमिका नहीं भी नही रही। इसके बाद भी भाजपा के नेता हर प्रश्न के जबाब में राहुल को पप्पू बताकर उनसे सवाल करते हैं।

पिछले 7 साल में भाजपा नेताओं ने राहुल गांधी को पप्पू से पहलवान बनाने का काम किया है। भाजपा के प्रवक्ताओं और नेताओं ने पप्पू के ट्वीट का जबाब पप्पू बताकर हवा में उड़ाने की कोशिश की। किन्तु अब यही पप्पू जनता के बीच नायक बन रहा है। पिछले 2 वर्षों में राहुल गांधी को पप्पू बनाने के चक्कर में भाजपा के मत्री और नेता खुद ही पप्पू साबित होने लगे हैं। अब सोशल मीडिया पर जनता, सरकार और भाजपा नेताओं से पूछने लगी है कि पप्पू क्या हैं। पप्पू प्रधानमंत्री हैं। पप्पू सत्ताधारी पार्टी के अध्यक्ष हैं। पप्पू की पार्टी को सदन में विपक्षी दल की मान्यता भी नहीं मिली हैं। इसके बाद भी पप्पू का पल्ला पकड़कर सरकार कौन सी बैतरणी पार कर रही हैं। अब तो यह भी कहा जाने लगा है गाय की पूंछ पकड़ाकर पंडे पूर्वजों को पापों से मुक्ति दिला देते थे। उसी तरह पप्पू को गाय की तरह इस्तेमाल करके सारे आरोपों से मुक्ति पाने की जुगत भाजपा नेता कर रहे हैं। अब जनता सोशल मीडिया पर सरकार और भाजपा नेताओं से पूछ रही हैं। नोटबंदी और जीएसटी से देश की अर्थ-व्यवस्था डूब गई। जीडीपी की ग्रोथ प्लस से माइनस पर चली गई। टेक्सटाइल निर्यात बंद है। गलवान घाटी, कश्मीर एवं सीमा पर पिछले 7 वर्षों में जितने सैनिक शहीद हुए हैं। उतने सैनिक 1965 और 1971 के युद्ध में भी शहीद नहीं हुए। भारतीय सीमा के अंदर चीन घुस आया। तिब्बत तक चीन की ट्रेन पहुंच गई। पिछले डेढ़ साल में करोड़ों लोग बेरोजगार हो गए। अचानक लॉकडाउन लगाने से हजारों मजदूर भूख प्यास से रास्ते में मर गए। जिनका हिसाब-किताब भी सरकार ने नहीं रखा। कोरोना बीमारी में ऑक्सीजन, दवाईयॉ और अस्पताल में बिस्तर नहीं मिलने से लाखों मरीजों की मौत हो गई। श्मशान, कब्रिस्तान और गंगा मैय्या लाशों से पट गई। पेट्रोल 105, डीजल 100 गैस सिलेंडर 850 दाल 200 किलो, तेल 200 रुप्या लीटर, आलू 50 रुप्या किलो बिक रहा है। 12 करोड़ लोग बेरोजगार होकर घूम रहे हैं। राहुल तो पप्पू हैं। सरकार के किसी पद पर नहीं है। सरकार में तो आप बैठे हैं।

# अक्षय सितंबर से फिर शुरू कर सकते हैं फिल्म राम सेतु की शूटिंग



आने वाले दिनों में अक्षय कुमार एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आने वाले हैं। राम सेतु भी उनकी आगामी बहुचर्चित फिल्मों में से एक है। लॉकडाउन से पहले इस फिल्म की शूटिंग के दौरान अक्षय कोरोना से संक्रमित हो गए थे। इसके चलते फिल्म की शूटिंग बीच में रोक दी गई थी। अब खबर है कि अक्षय सितंबर से फिर फिल्म की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। आइए जानते हैं इस बारे में और क्या जानकारी मिली है। रिपोर्ट के मुताबिक अक्षय सितंबर से राम सेतु की शूटिंग दोबारा शुरू करेंगे। उन्होंने मानसून सीजन खत्म होने के बाद शूट फिर से शुरू करने का फैसला किया है क्योंकि फिल्म की शूटिंग खुले में होगी। टीम का शूटिंग के लिए श्रीलंका जाना मुश्किल है। दरअसल, श्रीलंका में 15 दिनों का क्वारंटाइन जरूरी है। ऐसे में अक्षय 15 दिन बिना काम के नहीं रह सकते। टीम ऐसा कोई कदम नहीं उठाएगी, जिसके चलते शूटिंग और पीछे खिसके। अभिषेक शर्मा के निर्देशन में बन रही फिल्म रामसेतु में अक्षय भारतीय संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत से जुड़ी कहानी को पर्दे पर लाने वाले हैं। इस फिल्म में अक्षय पुरातत्त्वविद् का किरदार निभाएंगे। फिल्म में मर्यादा पुरुषोत्तम राम की कहानी दिखाई जाएगी। इसमें अक्षय के साथ जैकलीन फर्नांडिज और नुसरत भरूचा नजर आएंगी। नुसरत इसमें उनकी पत्नी की भूमिका में होंगी और जैकलीन, अक्षय की टीम मेंबर होंगी, जो मिशन राम सेतु में अक्षय की मदद करती हैं।

अक्षय ने पिछले साल दिवाली पर राम सेतु का ऐलान किया था। उन्होंने फिल्म का पोस्टर शेयर किया था। इसके साथ अक्षय ने लिखा था, इस दीपावली, भारत राष्ट्र के आदर्श और महानायक भगवान श्री राम की पुण्य स्मृतियों को युगों-युगों तक भारत की चेतना में सुरक्षित रखने के लिए एक ऐसा सेतु बनाया, जो आने वाले पीढ़ियों को राम से जोड़ कर रखे। इसी प्रयास में हमारा भी एक छोटा संकल्प है राम सेतु। आपको दीपावली की शुभकामनाएं। अक्षय रामसेतु के अलावा फिल्म सूर्यवंशी में नजर आएंगे। इस फिल्म के निर्देशक रोहित शेट्टी हैं, जिसमें कैटरीना कैफ के साथ उनकी जोड़ी बनी है। बेलबॉटम भी अक्षय की चर्चित फिल्मों में से एक है। इसमें वह अभिनेत्री वाणी कपूर के साथ रोमांस करते नजर आएंगे। इसके अलावा अक्षय फिल्म अतरंगी रे में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। इस फिल्म में उनके साथ सारा अली खान दिखाई देंगी।

## मृणाल ठाकुर ने छोड़ी थी जॉन अब्राहम की सत्यमेव जयते

मृणाल ठाकुर काफी कम समय में फिल्म इंडस्ट्री में अपना छाप छोड़ने में कामयाब रही हैं। मृणाल ने साल 2018 में आई फिल्म लव सोनिया से बॉलीवुड की फिल्मों में पदार्पण किया था। इस फिल्म में शानदार अभिनय करने के बाद उनके पास फिल्मों के ऑफर आने लगे थे। अब एक इंटरव्यू में अभिनेत्री ने खुलासा किया है कि उन्होंने फिल्म सुपर 30 में काम करने के लिए जॉन अब्राहम की फिल्म सत्यमेव जयते का ऑफर ठुकरा दिया था। मृणाल ने बताया कि कैसे उन्होंने सुपर 30 के लिए जॉन की सत्यमेव जयते छोड़ दी थी। मृणाल ने कहा, जब मैंने सुपर 30 साइन कर ली थी, उसके बाद मेरी मुलाकात निखिल आडवाणी से हुई। उन्होंने मुझे कॉल किया और कहा कि उन्होंने इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न में मेरी फिल्म लव सोनिया देखी है और उन्हें मेरा काम काफी पसंद आया था। उन्होंने मुझे मिलाप जवेरी की सत्यमेव जयते के लिए कॉल किया था। मृणाल ने बताया कि वह यह फिल्म नहीं कर सकती थीं क्योंकि उन्होंने सुपर 30 साइन कर ली थी। उन्होंने कहा, जब सुपर 30 की शूटिंग खत्म हुई तो निखिल ने मुझे एक और फिल्म के लिए बुलाया।



यह थी बाटला हाउस जिसके लिए मेरा ऑडिशन भी नहीं लिया गया था। उस वक्त मुझे एहसास हुआ कि जिंदगी में मैंने कुछ तो हासिल किया है। बाटला हाउस का निर्देशन निखिल ने किया था जिसमें मृणाल अहम भूमिका में थीं। मृणाल ने बताया कि सुपर 30 की टीम इस बात से अवगत नहीं थी कि वह लव सोनिया में काम कर चुकी हैं। उन्होंने बताया, जब मैंने फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ी तो रोने लगी थी। मुझे शकुंतला देवी बहुत पसंद थी, इसलिए मुझे लगा कि सुपर 30 के जरिए मैं गणित से शायद किसी न किसी रूप में जुड़ पाऊंगी। जब मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी और मेरा गणित से कोई संबंध नहीं था, तो मैं निराश हो गई थी। सुपर 30 गणितज्ञ आनंद कुमार की बायोपिक थी, जो 2019 में बड़े पर्दे पर आई थी। इस फिल्म में ऋतिक रोशन ने आनंद का किरदार निभाया था। सत्यमेव जयते 15 अगस्त, 2018 को रिलीज हुई थी जिसमें जॉन और मनोज बाजपेयी प्रमुख भूमिका में थे। मृणाल के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह कई फिल्मों में नजर आएंगी। वह ईशान खट्टर की फिल्म पिप्पा को लेकर चर्चा में हैं। पिछले साल अगस्त में राजा कृष्ण मेनन की निर्देशन में बनने वाली फिल्म पिप्पा की घोषणा की गई थी। इसके अलावा जल्द ही उन्हें शाहिद कपूर के साथ फिल्म जर्सी में भी देखा जाएगा। मृणाल राकेश ओम प्रकाश मेहरा की फिल्म तूफान और उमेश शुक्ला की आंख मिचोली में नजर आएंगी।

# गर्मी के कारण सिरदर्द हो तो इन घरेलू नुस्खों को अपनाएं, जल्द मिलेगी राहत



देर तक धूप में रहने से सिर में गर्मी चढ़ने लगती है जिसके कारण तेज सिरदर्द का सामना करना पड़ सकता है। कई लोग गर्मी के कारण होने वाले सिरदर्द को सामान्य समझकर साधारण दवाई खा लेते हैं, लेकिन उन्हें आराम नहीं मिलता है क्योंकि इसके लिए सिर को ठंडा करना जरूरी है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं जिनकी मदद से सिर की गर्मी के कारण होने वाले सिरदर्द से राहत पाई जा सकती है।

### खूब पानी पिएं

पानी का खूब सेवन सिर की गर्मी को कम करने में मदद करता है और उच्च तापमान के कारण शरीर को होने वाले नुकसान से बचाता है। इसलिए हर 15 मिनट या आधे घंटे बाद आधे गिलास पानी का सेवन करें। इससे शरीर में डिहाइड्रेशन की समस्या भी नहीं होगी। वहीं आप जब भी कहीं बाहर जाएं तो अपने पास पानी से भरी बोतल रखें और बार-बार पानी पीते रहें ताकि सिर और पूरा शरीर गर्मी से बचा रहे।

### ठंडी जगह पर आराम करें

गर्मी के कारण हुए सिरदर्द से राहत पाने के लिए सिर को ठंडक मिलना जरूरी है। इसके लिए सबसे अच्छा है कि आप एक ठंडे कमरे में कुछ देर आराम करें। हालांकि अगर आप कहीं बाहर हैं और आपके सिर में तेज दर्द होने लगे तो एक छायादार जगह ढूंढें और फिर वहां पर कुछ मिनट बैठकर पानी पीएं। ऐसा करने से सिर की गर्मी धीरे-धीरे कम होने लगेगी और सिरदर्द से भी राहत मिलेगी।

### नारियल के तेल से करें मालिश

दर्द की बात हो और तेल मालिश का जिक्र न हो, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। सिरदर्द से राहत पाने के लिए तेल मालिश एक अच्छा उपाय है। हालांकि यह ध्यान रखें कि मालिश सही तरीके से की जाए क्योंकि गलत तरीके से मालिश करने पर दर्द बढ़ सकता है। जब भी आपको गर्मी के कारण सिरदर्द हो तो इससे राहत पाने के लिए आप नारियल के तेल से मालिश कर सकते हैं।

### कोल्ड कंप्रेस आएगा काम

कोल्ड कंप्रेस का इस्तेमाल करने से भी सिर की गर्मी को कम करने में मदद मिल सकती है। गर्मी के कारण होने वाले सिरदर्द को दूर करने के लिए अपने सिर पर कुछ मिनट के लिए कोल्ड कंप्रेस बैग रखें। हालांकि अगर आपके पास कोल्ड कंप्रेस बैग नहीं है तो एक नरम तौलिये में कुछ बर्फ रखकर उसे अपने सिर पर रखें। इससे आपके सिर को काफी आराम मिलेगा।

# अनुष्का शर्मा ने बेटी वामिका के जन्म के बाद कराया नया हेयरकट

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. वह आए दिन अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं. बेटी वामिका के जन्म के बाद से अनुष्का उसकी देखभाल में लगी हुई हैं. अनुष्का इन दिनों पति विराट और बेटी वामिका के साथ इंग्लैंड में हैं. विराट टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड गए हैं. वहां के मौसम को एंजॉय करते हुए अनुष्का तस्वीरें शेयर करती रहती हैं. अब अनुष्का ने हेयरकट करवाया है जिसकी तस्वीर शेयर की है. अनुष्का ने अपने बाल छोटे करवा लिए हैं. फोटो में अनुष्का शॉर्ट हेयर के साथ व्हाइट कलर का टॉप और मस्टर्ड कलर का जैकेट पहना हुआ है. उनका लुक फैंस को काफी पसंद आ रहा है. अनुष्का ने फोटो शेयर करते हुए लिखा- जब बेबी के जन्म के बाद बाल झड़ने लगे तो आपको अच्छे हेयरकट की



और तारीफ करने लगे. सोनम अपने शानदार हेयरस्टाइलिस्ट से कनेक्ट करवाने के लिए शुक्रिया. अनुष्का की तस्वीरों पर उनके फैंस कमेंट करके उनके नए हेयरकट की तारीफ कर रहे हैं. एक फैन ने लिखा- आप ग्लो कर रही हैं. वहीं दूसरे फैन ने लिखा- शानदार. अनुष्का की इस फोटो को 10 लाख से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं. आपको बता दें अनुष्का शर्मा और विराट कोहली इस साल की शुरुआत में माता-पिता बने थे. उन्होंने फरवरी में अपनी बेटी की तस्वीर शेयर करके उनका नाम सभी को बताया था. विराट और अनुष्का ने बेटी वामिका को सोशल मीडिया से दूर रखने का फैसला लिया है. उन्होंने कहा है कि वह वामिका की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर नहीं करेंगे साथ ही फोटोग्राफर्स ने वामिका की तस्वीरें पोस्ट करने से मना किया था. अनुष्का शर्मा आखिरी बार फिल्म जीरो में शाहरुख खान और कैटरीना कैफ के साथ नजर आई थीं. उसके बाद से उन्होंने बड़े पर्दे से ब्रेक लिया हुआ है. रिपोर्ट्स की माने तो अनुष्का ने ये ब्रेक अब साल 2022 तक बढ़ा दिया है।

## जयललिता के बाद अब इंदिरा गांधी बनने जा रही हैं कंगना रनौत



बॉलीवुड की बेबाक एक्ट्रेस कंगना रनौत अपनी दमदार अदाकारी के लिए पूरी इंडस्ट्री में मशहूर हैं. जहां एक्ट्रेस की फिल्मों की पसंद को बढ़िया माना जाता है. जहां अब कंगना के पास कई दमदार फिल्में जो उनके पास पाइपलाइन में पड़ी हुई है. जहां अब खबर है कि कंगना रनौत बहुत जल्द हमें भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के रोल में नजर आएंगी. कंगना पिछले कई साल से इस रोल को निभाना चाहती थीं. जहां उनके फैंस भी पिछले कई साल से उनके इस प्रोजेक्ट को लेकर खूब बात भी कर रहे थे. जहां अब एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया पर इसकी एक छोटी सी झलक भी दिखाई है. आपको बता दें, एक्ट्रेस ने अब से कुछ देर पहले ही अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कुछ स्टोरी को पोस्ट किया है. जो अब वायरल हो रही है. कंगना ने इस स्टोरी में बताया है कि वो अब अपनी नई फिल्म की तैयारी को शुरू कर रही हैं. उन्होंने लिखा है कि सोचो की मणिकर्णिका फिल्म्स में अब क्या चल रहा है? जहां वो दूसरी तस्वीर में उन्होंने बताया है कि वो इंदिरा गांधी के लुक के लिए अपना बॉडी स्कैन करवा रही हैं. आपको बता दें, हाल ही में कंगना ने अपनी इस फिल्म के बारे में बात करते हुए बताया था कि वो बहुत जल्द इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आएंगी. लेकिन ये फिल्म उनकी बायोपिक नहीं होगी, ये एक ग्रैंड पीरियड ड्रामा फिल्म होगी. जिसमें राजनीति को लेकर खूब ड्रामा होगा, जिसपर बात करते हुए एक्ट्रेस ने बताया था कि इस फिल्म को देखते हुए मेरी पीढ़ी को वर्तमान भारत के सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य को समझने में आसानी होगी. देखना होगा एक्ट्रेस की ये फिल्म कब रिलीज होती है।

# हुमा कुरैशी ने लेटेस्ट तस्वीरों में ग्लैमर और हॉटनेस का जलवा बिखेरा



एक्ट्रेस हुमा कुरैशी अपना मनचाहा लुक दे सकती हैं। एक आकर्षक सिल्हूट में ठाठ दिखने से लेकर मोनोक्रोम गाउन में लाइमलाइट चुराने तक, महारानी अभिनेता एक स्टनर हैं। अभिनेता ने अपने फैशन गेम को बढ़ाया है और हम उनकी स्टाइल डायरी को पसंद कर रहे हैं। एक शाही नीले रंग का साटन गाउन पहने हुए, जिसमें एक जांघ-उच्च स्लिट था, हुमा जानती है कि किसी भी लुक को कैसे निखारना है। एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरों में ग्लैमर और हॉटनेस का जलवा बिखेरा। भव्य गाउन को बेन्नू सहगल द्वारा डिज़ाइन किया गया है, इस पोशाक में एक कॉलर था और इसमें वी-नेकलाइन थी, यह एक बेल्ट के साथ आया था जिसने उसकी कमर को उभारा था। उन्होंने अपने लुक को स्टेटमेंट ईयररिंग्स, इट्टी ज्वैलरी के स्टेटमेंट रिंग्स के साथ कंप्लीट किया। उन्होंने सिल्वर हील्स से अपने लुक को पूरा किया। ग्लैम के लिए हुमा ने न्यूड लिपस्टिक के साथ डेवी मेकअप का विकल्प चुना। फोटोशूट के लिए उन्होंने अपने बालों को सॉफ्ट कर्ल्स में खुला छोड़ा था। यह पहली बार नहीं है; हुमा ने मोनोक्रोम लुक में चार चांद लगा दिए। अपने पिछले आउटिंग के लिए, अभिनेता ने एक लाल रंग की शर्ट की पोशाक का विकल्प चुना, जिसमें एक जांघ-ऊँची स्लिट थी। काम के मोर्चे पर, हुमा अगली बार अभिनेता अक्षय कुमार के साथ बेल बॉटम में दिखाई देंगी। करण शर्मा द्वारा निर्देशित उनकी हाल ही में रिलीज़ हुई वेब सीरीज़ महारानी के लिए हुमा की सराहना की गई।

# बाजू और थाइज की अतिरिक्त चर्बी कम करने के लिए अपनाएं ये घरेलू नुस्खे



मोटापा एक ऐसी समस्या है जो शरीर के किसी भी हिस्से को अपना शिकार बना सकती है। बाजू और थाइज ऐसे ही हिस्से हैं जिनकी अतिरिक्त चर्बी को कम करने के लिए लोग न जाने कितने तरीके अपनाते हैं, लेकिन फिर भी उन्हें मनचाहा परिणाम नहीं मिल पाता है। आइए आज आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं जिन्हें अपनाकर आप जल्द ही अपनी बाजुओं और थाइज की अतिरिक्त चर्बी कम कर सकते हैं।

### कॉफी और जैतून के तेल से करें स्क्रब

कॉफी और जैतून का तेल बाजुओं और थाइज की अतिरिक्त चर्बी को कम करने में मदद कर सकता है। इसके लिए पहले इन दोनों सामग्रियों को बराबर मात्रा में एक कटोरी में मिलाएं और फिर इससे अपनी बाजुओं और थाइज की पांच मिनट तक सर्कुलेशन मोशन में मसाज करें। इसके बाद इन हिस्सों को प्लास्टिक फूड रैप से टाइट बांधकर 30 मिनट के लिए इसे ऐसे ही छोड़ दें और फिर रैप को हटाकर बाजुओं और थाइज को साफ करें।

### नारियल के तेल और शहद का करें इस्तेमाल

नारियल और शहद में त्वचा को टाइट करने वाले गुण मौजूद होते हैं। सबसे पहले एक कटोरी में नारियल के तेल और शहद को बराबर मात्रा में मिलाएं। अब इसमें अपने पसंदीदा एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदे डालें। फिर इस मिश्रण से अपनी बाजुओं और थाइज की पांच मिनट तक मसाज करें। इसके बाद अपनी बाजुओं और थाइज को प्लास्टिक फूड रैप से टाइट बांधकर एक घंटे के लिए ऐसे ही छोड़ दें और अंत में रैप को खोल दें।

### सरसों के तेल से करें मसाज

सरसों के तेल की तासीर गर्म होती है जो शरीर की अतिरिक्त चर्बी को पिघलाकर उसे कम करने में काफी मदद कर सकती है। इसके लिए आपको बस इतना करना है कि सबसे पहले आवश्यकतानुसार सरसों के तेल को गुनगुना करें और फिर इससे अपनी बाजुओं और थाइज पर 5-10 मिनट तक सर्कुलेशन मोशन में मसाज करें। रोजाना सोने से पहले ऐसा करने से आपको काफी फायदा होगा।

### कॉफी और नारियल का तेल आएगा काम

कॉफी और नारियल के तेल का मिश्रण भी बाजुओं और थाइज की अतिरिक्त चर्बी को कम करने में सहायक साबित हो सकता है। सबसे पहले पहले एक कटोरी में कॉफी और नारियल के तेल की बराबर मात्रा मिलाएं और फिर इस मिश्रण से अपनी बाजुओं और थाइज की मसाज करें। अब बाजुओं और थाइज को प्लास्टिक फूड रैप से बांधकर एक-दो घंटे के लिए ऐसे ही छोड़ दें और फिर रैप प्रभावित हिस्से को साफ कर लें।

## 'गोरी मैम' सौम्या टंडन के हॉट अवतार ने ढाया कहर



सौम्या टंडन ने भले ही 'भाबीजी घर पर हैं!' काफी पहले छोड़ दिया हो, लेकिन फैन्स अभी भी उन्हें मिस करते हैं। सौम्या टंडन ने शो में गोरी मैम यानी अनीता भाभी का रोल प्ले किया था, जिसे अब नेहा पेंडसे निभा रही हैं। सौम्या टंडन ने बीते साल अगस्त में यह शो छिट कर दिया था। सौम्या टंडन अब सोशल मीडिया पर खूब ऐक्टिव रहती हैं और इंस्टाग्राम पर अपनी एक से बढ़कर एक स्टनिंग तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। अब सौम्या टंडन ने इंस्टाग्राम पर शॉर्ट्स में तस्वीरें शेयर की हैं और उनका बोल्ड अवतार देख फैन्स फिदा हो गए हैं। फैन्स के साथ-साथ मनमोहन तिवारी यानी रोहिताश्व गौड़ ने भी सौम्या टंडन की इन तस्वीरों पर कॉमेंट किया। रोहिताश्व गौड़ ने 'भाबीजी घर पर हैं!' में मनमोहन तिवारी का रोल प्ले कर रहे हैं। उन्होंने सौम्या की तस्वीर पर लिखा, 'बहुत खूबसूरत।' बस इसी कॉमेंट को देख यूजर्स ने रोहिताश्व गौड़ की खिंचाई करनी शुरू कर दी। एक यूजर ने लिखा, 'लगता है तिवारी जी आज भी पुरानी अनीता भाभी को ही चाहते हैं।' एक अन्य यूजर ने कॉमेंट किया, 'अरे तिवारी जी, विभूति जी पकड़के के मारेंगे आपको। भाभी जी को छेड़ रहे हैं।' कुछ दिन पहले सौम्या टंडन उस वक्त विवादों में फंस गई थीं जब उन पर फर्जी आईडी बनवाकर वैक्सीन लगवाने का आरोप लगा। हालांकि सौम्या टंडन ने उसका खंडन किया था और कहा था कि लोग इस तरह की फर्जी रिपोर्ट्स और दावों पर विश्वास न करें।

# ऐसी लापरवाही, फिर कैसे रोक पाएंगे तीसरी लहर

## न सैनिटाइजर, न ही शारीरिक दूरी...हो गया अनलाक...

**केशव पंडित जी अम्बाह**

अम्बाह... शहर में अनलाक की प्रक्रिया के बाद बाजार में रौनक आने लगी है। सुबह से ही सड़कों पर भीड़ देखने को मिलती है, जो देर शाम तक जारी रहती है। देखने में आ रहा है कि पूरे दिन बाजार में भीड़ बनी रहती है। कई दुकान पर गाइडलाइन का पालन नहीं किया जा रहा है। कई लोग पूरे दिन शहर का माहौल देखने के हिसाब से निकल रहे हैं। शासन ने व्यापारियों और आम लोगों के हित के लिए यह अनलाक किया है। केस अभी खत्म नहीं हुए हैं। सिर्फ कम हुए हैं। लापरवाह समझ रहे हैं कोरोना मानो खत्म हो गया हो। पूरे दिन वह बिना डर के बाजार में घूमते रहते हैं। क्योंकि उन्हें पता है कि उन पर कार्रवाई करने वाला कोई भी आला अधिकारी सड़कों पर मौजूद नहीं है। शासन द्वारा आदेश के बाद भी कई दुकानदार लापरवाही करते हुए नजर आ रहे हैं। वह आने वाले ग्राहक को सैनिटाइजर तो दूर की बात है। शारीरिक दूरी का पालन भी नहीं करवा पा रहे हैं। ऐसे में अगर लापरवाही जारी रहती है तो हमारा शहर एक बार फिर बड़ी मुसीबत में पड़ सकता है फिर से कोरोना विस्फोट हो सकता है ।

जिले को कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर से बचाने जिला प्रशासन तैयारियों में जुटा है, वहीं दूसरी ओर लोग लापरवाह बने हुए हैं। शहर के बाजार में जिस तरह भीड़ उमड़ी, उससे लग रहा है मानो हम कोरोना की दूसरी लहर की भयावहता को भूल चुके हैं। हालात यह थे कि सुरक्षित शारीरिक दूरी के बिना ही लोग सामान की खरीददारी कर रहे थे, वहीं एक दुकान के भीतर और बाहर 50 से अधिक लोग खरीददारी करते नजर आए। अगर बाजार में यही हालात रहे, तो तीसरी लहर को रोकने के प्रयासों पर पानी फिर सकता है हालांकि, स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के हिसाब से मुरैना में बहुत लोग कोरोना से जंग हारे हैं। जिला प्रशासन ने आपदा प्रबंधन समूह के साथ बैठक कर जिले में कोरोना कर्फ्यू हटाने और कोविड गाइडलाइन का पालन कराने के निर्देश



जारी किए थे, लेकिन उसके बाद भी बाजार में न दुकानदार और न ही खरीददार गाइडलाइन का पालन कर रहे हैं। क्योंकि, कहीं भी सुरक्षित शारीरिक दूरी नजर नहीं आई। कई लोग ऐसे भी थे, जिनके चेहरों पर मास्क तक नहीं थे। इससे एक बार फिर महामारी का खतरा बढ़ता जा रहा है। हालांकि, प्रशासन बाजार में सुरक्षित शारीरिक दूरी का पालन करने को मुनादी करा रहा,लोग मुनादी की आवाज सुनकर भी अनसुना कर आगे बढ़ रहे थे।

### कोरोना की भयावहता देख आ जाते हैं आंखों में आंसू

श्रीराम मेडीकल रवि गुप्ता का कहना है कि कोरोना की दूसरी लहर में हर घर में खौफ था। शहर की हर गली कंटेनमेंट जोन बन चुकी थी, यह सब देखकर व्यापारी से लेकर जनता की आंखों में आंसू आ जाते थे, लेकिन आज हम ही लोग कोरोना को फिर से आमंत्रण दे रहे हैं। शहरवासियों को कोविड गाइडलाइन का पालन करना चाहिए, जिससे कोरोना का खतरा कम हो जाएगा। अगर बाजार में भीड़ उमड़ रही है, सुरक्षित शारीरिक दूरी का पालन और लोग मास्क नहीं लगा रहे हैं, तो कोरोना महामारी से एक बार फिर जूझना पड़ सकता है। आमजन को इस बारे में ध्यान देना होगा, तभी शहर और जिला सुरक्षित रहेगा।

### स्वयं, परिवार और समाज की सुरक्षा के लिए वैक्सीन लगाएं।

जिला प्रशासन ने जिले को अनलाक कर दिया है लोगो को चाहिए कि कोरोना गाइड लाइन का पूरी तरह पालन जरूर करें। कोरोना संक्रमण कम हुआ है, खत्म नहीं। थोड़े से भी लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जांच करवाएं। हमारी थोड़ी-सी भी लापरवाही अपने और अपने परिवार के लिए बड़ा संकट खड़ा कर सकती है। इसलिए हमें अभी भी और सतर्क रहने की जरूरत है। कोरोना टीका पूरी तरह सुरक्षित है। स्वयं, परिवार और समाज की सुरक्षा के लिए यथाशीघ्र वैक्सीन अवश्य लगाएं।

## वन-टू-वन



### अनंत अनंत शुभकामनाएं

सरल सहज मार्गदर्शक परम आदरणीय प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय भोपाल आदरणीय सम्माननीय श्री रामानंद चंद साहब श्री का भोपाल से स्थानांतरण होकर सीहोर जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनने पर आपको अनंत अनंत शुभकामनाएं।

## महिला प्रधान आरक्षक के साथ भाई ने की मारपीट कार्यवाही के लिए आवेदन दिया...

**सुनील तोमर पत्रकार अम्बाह**

अम्बाह... महिला प्रधान आरक्षक मालती पाराशर जो कि थाना अंबाह जिला मुरैना में पदस्थ है उन्होंने एक आवेदन थाना प्रभारी सिटी कोतवाली में दिया है जिसमे उन्होंने कहा है वह पुलिस लाइन के क्वार्टर में निवास करती है मेरा भाई बृजेश, अतुल, आशुतोष एवं भोला पाराशर निवासी गोहद जिला भिंड के ऊपर मुझे मेरे पिता की संपत्ति में मकान में मेरा हिस्सा है इसी बात पर कई बार मेरे भाई मेरी मारपीट कर चुके हैं यह प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है आज दिनांक 2 जुलाई को समय करीब 10~00 बजे का समय होगा मेरा भाई भोला पाराशर मेरे घर के सामने मुझे मिला और देखते ही गाली गलौज करने लगा मैंने गाली देने से मना किया तो उसने मेरे दो चांटे मारे तब तक मेरी छोटी बहन पुष्पा ने आकर बीच बचाव किया तब भोला बोला कि गार्ड लगवा लेना नहीं तो किसी दिन मिल गई तो जान से खत्म कर दूंगा मालती पाराशर के अनुसार भोला पर ?15000 का इनाम स्टेशन रोड थाना मुरैना से हैं वहां कभी भी मेरे साथ कोई घटना घटित कर सकता है उनके खिलाफ कार्यवाही की जाए कार्रवाई की जाए

निलंबित आईपीएस स्पेशल डीजी पुरुषोत्तम शर्मा को दिया राज्य सरकार ने नोटिस शर्मा की मुश्किल बढ़ी...

बताया जाता है कि श्री पुरुषोत्तम शर्मा को डीजी लोक अभियोजन रहते श्री शर्मा ने नियम विरुद्ध ढाई सौ से अधिक अधिकारी कर्मचारियों को अटैचमेंट किया था जिसकी जानकारी शर्मा के हटने के बाद डीजी लोक अभियोजन विजय यादव ने राज्य सरकार को दी थी राज्य सरकार ने शर्मा द्वारा किए गए सभी अटैचमेंट समाप्त करके श्री शर्मा को नोटिस जारी किया है...

## 10 जुलाई को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत को आयोजन

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर**

एटा - एटा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उप्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधी/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एटा के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एटा के तत्वावधान में माननीय जनपद न्यायाधीा/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एटा की अध्यक्षता में दिनांक 10 जुलाई 2021 दिन शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना सुनिश्चित हुआ है। इस लोक अदालत में मोटर दुर्घटना प्रतिकार, दाण्डिक वादों धारा 138 एनआई एक्ट, बैंक रिकवरी, श्रमिक वाद, जल एवं गृहकर वाद, विद्युत बिल, राजस्व वाद वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद व अन्य दीवानी वादों का निस्तारण सुलह-समझौते एवं संस्वीकृत के आधार पर किया जायेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एटा के तत्वावधान में दिनांक 10 जुलाई 2021 दिन शनिवार को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों को चिन्हित करते हुए अधिकाधिक वादों/मामलों को नियत एवं निस्तारित करायें।

## बुंदेलखंड प्रदेश में सेवादल का कार्यकर्ता कांग्रेस को करेगा मजबूत : बृज किशोर शर्मा कल्लू

### बुंदेलखंड प्रदेश कांग्रेस सेवा दल की बैठक

**पुष्पांजली टुडे**

कानपुर / कानपुर शहर तिलक हॉल में कांग्रेस सेवा दल के संस्थापक श्री एनएस हारडी कर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर वंदे मातरम के साथ शुरू हुई बैठक की शुरुआत में प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष श्री लक्ष्मी लक्ष्मी नारायण दीक्षित ने राष्ट्रीय पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर और गुलदस्ते भेंट कर स्वागत किया आज की बैठक में पूर्व सांसद कानपुर देहात सचिव अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी श्री राजाराम पाल ने कहा देश में सेवादल मजबूत होगा तो कांग्रेस मजबूत होगी मुझे दो बार लोकसभा में पहुंचाने का काम सेवादल के साथियों ने किया और मैं सेवादल के लिए पूरे तन मन धन से काम करूंगा कानपुर देहात जिला अध्यक्ष श्री अमित पांडे ने कानपुर में सेवादल को मजबूत करने का संकल्प लिया कानपुर महानगर के जिला कांग्रेस अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी ने कहां हमेशा सेवा दल को ताकत देने के लिए कार्य किए और सेवादल कानपुर में जो भी शिविर और चुनावी प्रशिक्षण कैंप लगाएगा हम पूरी मदद करेंगे महिला ब्रिंग की अध्यक्ष श्रीमती शोभा सिंह ने सेवादल में महिलाओं को जोड़ने के लिए संकल्प




लिया अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल की ओर से बुंदेलखंड की प्रभारी बनाई गई श्रीमती दीप्ति पांडे ने आज की बैठक में प्रत्येक जिला ब्लाक और बड़े कस्बों में महिलाओं को जोड़ने का नया स्वरूप बताया अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल की ओर से उत्तर प्रदेश के प्रभारी बुंदेलखंड जौनपुर देख रहे श्री बृज किशोर शर्मा कल्लू ने कहा कि अब अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने जो संकल्प लिया है सेवादल अपने साथियों के साथ पूरे तन मन धन से पोलिंग बूथ पर संगठन मजबूत कर होने वाले 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को जिताने का संकल्प लेगा बुंदेलखंड के जिलों से पधारे जिला अध्यक्ष और प्रदेश के पदाधिकारियों ने आज बैठक में पूरी तरह से संगठन को मजबूत करने के लिए तैयार है अंत में बैठक में आभार कानपुर महानगर सेवा दल के अध्यक्ष ने किया राष्ट्रगान के साथ आज की बैठक का समापन हुआ।

## आज मेहगांव समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर माननीय डॉक्टर गोविंद सिंह पूर्व मंत्री लहार विधायक का 70 वा जन्मदिन मनाया गया

**संवाददाता बृजपाल सिंह गुर्जर**




आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेहगांव में माननीय डॉक्टर गोविंद सिंह जी पूर्व मंत्री लहार विधायक का 70 वा जन्मदिन मनाया विधानसभा क्षेत्र मेहगांव के सभी वरिष्ठ कांग्रेश कार्यकर्ता ने राकेश बल्लू देवरा दिघर्रा कांग्रेस जिला संगठन सचिव विसम्बर सिह गुर्जर कांग्रेश नेता सत्तू मोहर सिंह गुर्जर देवेश शर्मा राहुल भरद्वाज दिल्ली एडवोकेट मोनू शर्मा राहुल दिघर्रा फल और लड्डू बड़े हर्षोल्लास के साथ सभी को वितरित किए गए मरीज एवं परिजनों को एवं डॉक्टरों को और वहां मौजूद आने जाने वाले सभी नागरिकों को लड्डू वितरित किए गए बल्लू दिघर्रा मेहगांव विधानसभा के कांग्रेसी कद्दावर नेता माने जाते हैं।

## हम करते है धरती के भगवान का सम्मान

**अमित शर्मा रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर / जे सी आई तेजस्वीनी द्वारा नेशनल डॉ डे पर 12 डॉक्टर्स का सम्मान फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया ग्वालियर ब्रांच में किया गया प्रोग्राम के मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष जे सी लक्ष्मण शर्मा जी एवम विशेष अथिति ब्रांच मैनेजर श्रीमती नीलम दीक्षित ,कार्यक्रम अधिकारी श्री अच्छेद्र सिंह कुशवाह जी रहे प्रोग्राम के अध्यक्षता सुनीता खत्री जी ने की कार्यक्रम संयोजक स्वराज गुप्ता जी रही इस अवसर पर डॉ वीणा प्रधान प्रधान जी ने बताया कि डॉक्टर्स डे क्यों मनाते है वर्तमान परिस्थिति में डॉ ही भगवान के रूप में समाज को अपनी सेवाए देते रहे जब आम आदमी घरों से नही निकल पा रहा था तब ये डॉ ही कोविड की परिस्थिति में अपनी जान की परवाह किए बिना अपनी सेवाए दे रहे थे हमारी संस्था एक छोटा सा सम्मान डॉ को देकर उनका हौसला और जुनून को कायम रखना चाहती है

डॉ के कामके हिसाब से ये सम्मान बहुत छोटा है फिर भी जे सी आई तेजस्वीनी द्वारा




डॉक्टर्स का सम्मान करके अपने आप को धन्य मानती है संस्था ने जिन डॉक्टर्स का सम्मान किया उनके नाम

डॉ अरविंद मित्तल,डॉ नीरजा साहू,डॉ प्रताप सिंह चौहान,डॉ रविन्द्र सिंह कुशवाहा,डॉ निधि मिश्रा,डॉ प्रदीपमिश्रा ,स्नेह डॉ सौम्या बाजपाई,डॉ रंजना परासर,डॉ मनप्रीत कोर,डॉ सुजाता बापट,डॉ पियूष गौर 12 डॉक्टर्स का सम्मान किया प्रोग्राम में रानू नाहर अंजुगुप्ता,रंजना अग्रवाल नीरू दीक्षित ,गीता,पूजा,हेमलता,आदि मेंबर्स उपस्थित रहे।

## 'संभागीय आयुष अधिकारी द्वारा आयुर्वेदिक औषधालयों और चिकित्सालयों का आकस्मिक निरीक्षण'

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**

छिंदवाड़ा(पुष्पांजली टुडे)। जबलपुर संभाग की संभागीय आयुष अधिकारी श्रीमती डॉ.बिंदु ध्रुव दो दिवसीय भ्रमण पर गत दिनों छिंदवाडा पहुंची और उन्होंने विभागीय कार्यों की समीक्षा के साथ ही जिले के आयुर्वेदिक औषधालयों और चिकित्सालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान जिला आयुष अधिकारी डॉ.किशोर गाडबैल, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ.नितिन टेकरे और डॉ.हरीश सतनामी साथ में थे। उन्होंने छिन्दवाड़ा में पौधारोपण भी किया और 21 जून को विश्व योग दिवस के अवसर पर आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ.नितिन टेकरे द्वारा छिन्दवाड़ा जिले में 4 हजार 599 प्रतिभागियों द्वारा सहभागिता कर ऑनलाईन सहभागी पत्र भरने व उनके ई-




सर्टिफिकेट जारी कराने तथा जिला प्रशासन और आयुष विभाग के संयुक्त प्रयासों से जिले में वर्चुअल योग आधरित 9 विभिन्न प्रतियोगितायें संपन्न कराकर कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश के हाथों 27 विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, मोमेन्टों एवं योगामेट प्रदान कराने के उल्लेखनीय कार्य को सकारात्मक पहल एवं उत्साहजनक बताया।

जिला आयुष अधिकारी डॉ.गाडबैल ने बताया कि संभागीय आयुष अधिकारी श्रीमती डॉ.बिंदु ध्रुव द्वारा जिले की तहसील अमरवाडा, चौरई व तामिया में संचालित शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय एवं चिकित्सालय तामिया का आकस्मिक निरीक्षण किया तथा औषधालय कुंडा, कपुर्दा, साजकुही व खिरेटी के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, सभी रजिस्टर, स्टाक, आवक-जावक, मरीज संख्या, कोविड महामारी के समय आयुर्वेदिक होम्योपैथिक औषधि वितरण और लाभान्वित मरीजों की जानकारी प्राप्त की तथा कर्मचारियों व अधिकारियों की समस्या का त्वरित निराकरण किया। उन्होंने जिले में आगामी एवं निर्माणाधीन हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में निर्माण कार्य से सम्बंधित जानकारी प्राप्त की तथा विभागीय समीक्षा के दौरान विभाग द्वारा किये गए कार्यो पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने सभी जनों और पोस्ट कोविड व्यक्तियों के लिए बेहतर चिकित्सा सुविधा, पंचकर्म थेरेपी, योग प्राणयाम, प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत बनाने के लिये दवा वितरण का कार्य सुचारू रूप से संचालित रखने और बेहतर कार्य करने के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने विभागीय समीक्षा बाद जिला आयुष कार्यालय में पौधारोपण भी किया जिसमें विभागीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## फर्जी मार्कशीट देने वाले दो शिक्षकों को किया गया सेवामुक्त'

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**

(पुलिस कार्रवाई होगी और दिये गये वेतन की नियमानुसार वसूली भी की जायेगी)

इंदौर(पुष्पांजली टुडे)। जिले में शासकीय स्कूलों में पदस्थ दो शिक्षकों को डीएड की फर्जी मार्कशीट प्रस्तुत करने पर सेवामुक्त किया गया है। इनके विरूद्ध पुलिस कार्रवाई की जायेगी एवं भुगतान किये गये वेतन की नियमानुसार वसूली भी होगी। यह कार्रवाई कलेक्टर मनीष सिंह से अनुमोदन के पश्चात की गई है। यह कार्रवाई सांवेर के पटवाखेड़ी में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक चिन्तामण देथलिया और महू के धोडबड़ में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक गोकुल सोलंकी के विरूद्ध की गई है।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शासकीय प्राथमिक विद्यालय पटवाखेडी सांवेर जिला इंदौर के प्राथमिक शिक्षक चिन्तामण देथलिया के विरूद्ध शिकायत प्राप्त हुई थी कि इनकी डी.एड की मार्कशीट फर्जी है। शिकायत पर जॉच कमेटी गठित कर जाँच कराई गई। जाँच में शिकायत सही पाई गई। फलस्वरूप दोषी कर्मचारी को सेवामुक्त किये जाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत इंदौर को नस्ती प्रेषित की गई। अनुमोदन प्राप्त होने पर चिन्तामण देथलिया प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक विद्यालय पटवाखेडी सांवेर जिला इंदौर को मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 10 (नौ) के प्रावधानो अंतर्गत सेवा से पदच्युत (डिसमिस) किये जाने का अनुमोदन कलेक्टर जिला इंदौर से प्राप्त किया गया। अनुमोदन प्राप्त होने पर चिन्तामण देथलिया को सेवा से %पदच्युत (डिसमिस) किया गया। साथ ही दोषी कर्मचारी के विरूद्ध नियमानुसार पुलिस कार्यवाही करने एवं भुगतान किये गये वेतन का गणनापत्रक तैयार कर नियमानुसार वसूली की कार्यवाही किये जाने हेतु संकुल प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय सांवेर को निर्देशित किया गया है।

इसी तरह शासकीय प्राथमिक विद्यालय धोडबड महू के प्राथमिक शिक्षक गोकुल सोलंकी के विरूद्ध शिकायत प्राप्त हुई थी कि इनकी डी.एड की मार्कशीट फर्जी है। शिकायत पर जॉच कमेटी गठित कर जॉच कराई गई। जॉच में शिकायत सही पाई गई। फलस्वरूप दोषी कर्मचारी को सेवामुक्त किये जाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत इंदौर को नस्ती प्रेषित की गई।

## गांव की पहचान का बोर्ड अक्सर भूल जाते हैं राहगीर

**पुष्पांजली टुडे**




अम्बाह / गांव थरा में गांव के बीचों बीच से होकर गुजरे प्रस्तावित राजमार्ग 552 एक्टेंशन पर थरा अम्बाह से तीन किलोमीटर दूर स्थित होने के वावजूद भी गांव में निर्माण एजेंसी ने कोटेशन थरा में शासकीय स्कूल पर हिंगाबली की पहचान का बोर्ड लगा है। कुछ राहगीर को इसके भ्रम के चलते गांव पहचानने में दुविधा हो जाती है। अतः गांव के लोगों ने इस बोर्ड को बदलने की मांग की, । गांव के अरुण सिंह तोमर कहते हैं कि थरा में स्कूल पर हिंगावली के नाम का बोर्ड लगा होने से कई बार चार पहिया वाहन वाले रात्रि में थरा निकल जाने के बाद पाली के ताल के पर पहुंच कर थरा पूछते हैं। क्यों कि मै मूंग खेत पर रहते हुए कई बार राहगीरों को वापस गांव की ओर भेजा है तो चालकों का कहना है कि पीछे तो बोर्ड पर हिंगावली लिखा था इसलिए भूल हो गई।

# अलीगंज पुलिस ने पेश की ईमानदारी की मिसाल

## पुलिस ने 5 लाख 30 हजार रूपये को सुपुर्दगी में मालिक को सौंपा परिजनों व आमजन ने की भूरि भूरि प्रशंसा

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर**

एटा। सराय अगहत सरिया लेकर आयी आयशर केन्टर गाड़ी वापस जाते समय अलीगंज सराय अड्डापर केन्टर गाड़ी चालक की अचानक तबियत खराब हो जाने पर पीड़ित को एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल भिजवाना एवं गाड़ी में रखें 5 लाख 50 हजार रूपये को कब्जे में लिया गया एवं बरामद रुपयों में से 20 हजार रुपये उपचार हेतु चालक के पुत्र पुष्पेंद्र को दिए गए। गाड़ी मालिक कम्पनी ट्रासपोर्ट मैनेजर को सूचना देकर कब्जे में लिये गये 5 लाख 30 हजार रूपये को सुपुर्दगी में दिया गया, मालिक, परिजनों व आमजन ने की भूरि भूरि प्रशंसा।

वाक्या कुछ इस प्रकार है कि गुरुबार को एक आयशर केन्टर नम्बर यूपी 20 टी 6759 चालक वरूण कुमार पुत्र हरफुल सिंह निवासी ग्राम नजरपुर थाना चान्दपुर जनपद बिजनौर अपने पुत्र पुष्पेन्द्र के सराय अगहत थाना नयागांव सरिया लेकर आये थे। सरिया अगहत डालकर गाड़ी चालक वरूण उपरोक्त अपने पुत्र के साथ वापस जा रहा था कि अलीगंज सराय अड्डा के पास अचानक गाड़ी चालक वरूण कुमार तबियत खराब हो गयी। जिससे चालक द्वारा अपनी गाड़ी को सराय अडडा के पास खड़ी किया गया। थाना क्षेत्रान्तर्गत सराय अडडा पर कोबरा पर ड्यूटीरत आरक्षी सन्त कुमार व आरक्षी पंकज कुमार कर्दम पहुँचे एवं खड़ी गाड़ी के बारे मे जानकारी की गयी तो चालक के पुत्र द्वारा बताया कि मेरे पिता जी की तबियत खराब हो गई है और हम बिजनौर के रहने वाले है। आरक्षियों द्वारा गाड़ी की चैक किया गया तो एक थैले में रखे 5 लाख 50 हजार रूपये बरामद हुये। चालक की हालत गंम्भीर देखते हुए उपरोक्त कर्मियों द्वारा मौके पर एम्बुलेंस बुलायी गयी तथा पीड़ित चालक को एम्बुलेंस द्वारा सामु0स्वा0केन्द्र अलीगंज एवं जिला अस्पताल मय पुत्र पुष्पेन्द्र को बरामद पैसों में से 20 हजार रूपये देकर उपचार हेतु भिजवाया गया तथा शेष 5 लाख 30 हजार रूपयों को थाना पर दाखिल किया गया एवं केन्टर गाड़ी भी थाना पर लायी गयी। जिसकी सूचना सम्बन्धित कम्पनी एवं चालक वरूण के परिवारीजनों की दी गयी।




सूचना के आधार पर गाड़ी मालिक ट्राँसपोर्ट मैनेजर इन्द्रपाल सिंह पुत्र जबर सिंह निवासी गली न0 2 आदर्श नगर थाना कोतवाली शहर बिजनौर व भोजपाल सिंह थाना पर उपस्थित आये। जिन्हें गाड़ी एवं बरामद पैसो को अपना होना बताया एवं बताया कि गाड़ी चालक की दौराने इलाज मृत्यु हो गयी है। बरामद रुपये 5 लाख 30 हजार रूपये व आयशर केन्टर को नियमानुसार वाहन स्वामीनक आगन्तुक को रुपये वाहन प्राप्ति के सम्बन्ध में हस्ताक्षर बनवाकर समक्ष गवाहन सुपुर्द किया गया। जिसके सम्बन्ध में वाहन स्वामी द्वारा पुलिस की ईमानदारी की मिसाल बताते हुए अलीगंज पुलिस विभाग की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए आभार

## रेशम विभाग से आज तक कोई सहायता नहीं ,पौधे लगवाए गए थे 2 साल पहले



**पुष्पांजली टुडे**

सीहोर / नसरुल्लागंज मैं कन्हैया लाल की तरफ से खबर ग्राम बाजी गांव कन्हैयालाल भगवान रेशम विभाग से पौधे लगवाए गए थे 2 साल से अभी तक कोई सहायता नहीं किया है कोई आपसे सेंड भी नहीं दिया क्या है साल में 50,000 दूसरे साल में डेढ़ लाख रुपए देने का आदेश दिया गया ता रेशम विभाग से सीहोर ऑफिस में पहुंचे वहां से किया गया है एक किसान के लिए इतना दूर नहीं जाएंगे कन्हैयालाल बागवान ने बोला हम हम आ जाएं करेंगे वहां से बाहर निकाल दिया गया है एक कट्टर में पौधे से तूल लगाया गया है 5500 पौधे लगाया गया है 2019 में अभी कोई पैसे नहीं मिले पूरे पौधे उपलब्ध है कन्हैयालाल बागवान बहुत परेशान है मकान का भी बोला गया था 2050 का मकान दिया जाएगा पौधे लगाने पर रेशम विभाग से बोला गया था।

## वैक्सीन के प्रति हिचक को दूर करने की जरूरत: नायडू

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एम.वेंकैया नायडू ने इस जरूरत पर जोर दिया कि लोगों को कोविड-19 टीकाकरण की अहमियत के बारे में बताया जाये। उन्होंने सभी हितधारकों से आग्रह किया के वे मिल-जुलकर इस वर्ष के अंत तक सबको टीके लगाने का लक्ष्य पूरा करें। उपराष्ट्रपति ने आज चिकित्सक दिवस के अवसर पर यह बात कही। इस दौरान प्रसिद्ध गुर्दा-रोग विशेषज्ञ डॉ. ज्यॉर्जी एब्राहम ने चेन्नै में उन्हें अपनी पुस्तक भी भेंट की। इस पुस्तक का शीर्षक 'माय पेशेंट्स माय गॉड - जर्नी ऑफ किडनी डॉक्टर' (मेरा मरीज मेरा भगवान - गुर्दा चिकित्सक की यात्रा) है, जिसमेंडॉक्टर, शिक्षाशास्त्री और शोधकर्ता के रूप में डॉ.एब्राहम की पिछले चार दशक की यात्रा का वर्णन किया है।

## नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ के मामले में फरार आरोपी युवक गिरफ्तार

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर**

एटा। 30 जून को पीड़ित द्वारा थाना जैथरा पर इस आशय कि सूचना दी गयी कि 29 जून को उसकी नाबालिग पुत्री अपनी भैंसों को दलिया डालने गई थी तभी अजीत पुत्र जगदीश निवासी कुकराया रतनपुर थाना जैथरा ने बुरी नियत से उसे खेतों में खींच कर ले जाने लगा इतने में पुत्री द्वारा शोर मचाने पर उसकी माँ के आ जाने से आरोपी खेतों की तरफ भाग गया। इस सूचना थाना जैथ्रा पर पोक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुये थानाध्यक्ष जैथरा को अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। शुक्रबार को थाना जैथरा पुलिस द्वारा




अभियुक्त अजीत पुत्र जगदीश निवासी ग्राम कुकराया रतनपुर थाना जैथरा को मुखबिर की सूचना पर बहगो भट्टा तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

## भावरी कोराना टीकाकरण कैंप आयोजित किया गया

**नेनाराम सीरवी ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे**

पाली। सीमावर्ती पाली ब्लाक के ग्राम पंचायत.भावरी राजकीय प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में कोराना वैक्सीन टीकाकरण कैंप का आयोजन किया गया । कैंप में 18+ वर्ग के लोगों को प्रथम डोज की कोरानाखुराक दी गई

ए एन एम श्यामा कुमारी ने बताया कि 154 लोगों को कोराना के प्रथम डोज के टीके लगाए गए

चिकित्सा विभाग के निर्देशानुसार कोरोना वायरस के चलते बचाव उपचार के लिए संचालित किए जा रहे वैक्सीनेशन शिविर के दौरान प्राथमिकता के आधार पर टीकाकरण किया गया

टीकाकरण में तेजी लाने के लिए जिला प्रशासन चिकित्सा विभाग के आदेश के अनुसार डोर टू डोर सर्वे करके ज्यादा से ज्यादा युवाओं को टीके लगाने के लिए प्रेरित किया गया।



टीकाकरण कैंप में उप सरपंच महंत ज्ञानदास महाराज पी ई ओ नंदलाल बारोलिया दल प्रभारी चंद्रकांत नंदा क्क्रु श वरदाराम पंचायत सहायक जालम सिंह राजपुरोहित ओम प्रकाश गर्ग प्रभु राम आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पिंकी गर्ग कंचन रेखा कुमारी आदि ने सहयोग किया।

## कर्नाटक के हासन जिले के हिरीसावे ग्राम की पावन भूमि पर श्री आई माताजी मंदिर भूमि पूजन एवम शिलान्यास किया गया

**पुष्पाजली टुडे , नारायणलाल सैणचा ब्यूरो चीफ**

हासन -सीरवी समाज हिरीसावे द्वारा शुक्रवार को समाज के गणमान्य समाज बंधुओं के सानिध्य में एवम पंण्डित गुड़ीभटर के कर कमलों द्वारा भूमि पूजन कर कार्यक्रम हुवा, रमेश हाम्बड़ हिरीसावे ने जानकारी देते हुए बताया है कि हिरीसावे में सीरवी समाज द्वारा आई माताजी के भव्य मन्दिर का निर्माण 40म120-( 4800 ) वर्ग फिट में किया जाएगा भव्य मंदिर की रूप रेखा कुशल कारीगरों द्वारा की जाएगी अध्यक्ष ओमप्रकाश आगलेचा की अध्यक्षता में हिरिसावे में दिनांक 2 जुलाई 2021 को सुबह 7 के 36 मिनट से गणेश वंदना एवम माँ आईजी की स्तुति कर भूमि पूजन शिलान्यास किया इस उपलक्ष पर हिरीसावे के पंचगण कार्यकारणी के सदस्य उपाध्यक्ष तेजाराम हाम्बड़ तुलसी कोषाध्यक्ष रमेश दाता हाम्बड़ सचिव पुरषोत्तम राठौड़ आदि गणमान्य लोग मौजूद आये , यह मंदिर एक साल में बनकर तैयार होगा, आपकी जानकारी वास्ते बता दु की विश्वविख्यात



महावीर जैन मंदिर श्रवण बेल गोला से मात्र 18 किमी दूरी, बंगलुरू मंगलुरु हाई वे पर एक प्यारा सा गांव हिरीसावे गांव है जो बहुत ही खूबसूरत रमणीय स्थल है जो पहाड़ो से गिरा है चारो और हरियाली ही हरियाली है एवम नारियल के पेड़ नजर आते है , दैवीय भूमि पर श्री आई माताजी का भव्य मंदिर बनने जा रहा है , गर्व की बात है , आवागमन के लिए रेलवे स्टेशन व बसों की एवम होटल व रिसोर्ट की सुविधा है , ऐसे में आई माताजी का मंदिर बनने से आगंतुकों को रुकने सुविधा मिल जाएगी , इस भूमि पूजन की शुभ बेला में हिरिसावे सीरवी समाज ने आप सभी समाज बंधुओं को पधारने के लिए आग्रह किया है ,ये जानकारी रमेश जी सीरवी हिरिसावे द्वारा दी गई।

## 90 बर्षीय डॉ गार्गी तिवारी एवं सीए को सम्मानित किया

**ग्वालियर।** लायंस क्लब ग्वालियर क्वीन एवं लायंस क्लब शाइन के संयुक्त तत्वावधान में आज गुरुवार को सोशल स्टेसिन के साथ शिंदे की छावनी स्थित तिवारी नर्सिंग होम पर डॉक्टर डे ओर सी.ए डे पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माला समर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया गया! कार्यक्रम की अतिथि डिस्ट्रिक सचिव ला. राका पाठक थी। क्लब की अध्यक्ष नीरज जैन व रश्मि खंडेलवाल ने अतिथियों का तिलक व माला से सम्मान किया। वही अतिथि व क्लब अध्यक्ष नीरज जैन व रश्मि खंडेलवाल ने डॉक्टर डॉ अनुराधा शर्मा, डॉ मोहन शर्मा, एवं 90 बर्षीय डॉ गार्गी तिवारी के साथ सी.ए सुनील जैन, सी.ए अशोक विजयवर्गीय का शॉल श्रीफल व स्मृतिचिन्ह से सम्मानित किया गया।

## रुपावास 18+ वर्ग के युवाओं में उत्साह पूर्वक लगवाए कोराना वैक्सिंग के टीके

**नेनाराम सीरवी ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे**

पाली। सीमावर्ती पाली ब्लाक के ग्राम पंचायत. रुपावास वैक्सीनेशन सेंटर पर111 लोगों को कोराना वैक्सीन की प्रथम डोज दी गई।

रुपावास स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ नरेंद्र खंडेलवाल ने बताया कि चिकित्सा विभाग के निर्देशानुसार 18+आयु वर्ग के लोगों को कोराना वैक्सिंग टीके लगाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया

चिकित्सा विभाग के निर्देशानुसार कोरोना वायरस के चलते बचाव उपचार के लिए संचालित किए जा रहे वैक्सीनेशन शिविर के दौरान प्राथमिकता के आधार पर टीकाकरण किया गया



टीकाकरण में तेजी लाने के लिए जिला प्रशासन चिकित्सा विभाग के आदेश के अनुसार डोर टू डोर सर्वे करके ज्यादा से ज्यादा युवाओं को टीके लगाने के लिए प्रेरित किया गया।

शिविर के दौरान ए एन एम आशा देवासी प्रधानाचार्य नीतू जालवाड आजना पटेल समाज के युवा समाजसेवी हरि भाई पटेल सरपंच सुरेश बंजारा पूर्व जिला परिषद सदस्य श्री देवी पटेल पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष पायल पटेल पंचायत सहायक पूर्णिमा व्यास आदि ने सहयोग किया।

# सामान्य प्रशासन विभाग में पहुंचकर गुम हो गई विशाल और केशव की शिकायतें

## -कर्मचारियों से संबंधित शिकायतों को कर दिया जाता है जमींदोज, कई कर्मचारी-अधिकारी कर रहे फर्जी तरीके से नौकरी

**ग्वालियर**

निगम के सामान्य प्रशासन विभाग की स्थिति कितनी भ्रष्टाचारी हो चुकी है। कि कोई भी प्रमाणित शिकायत भी वहां पर जाकर दफन हो जाती है और भ्रष्ट एवं 420 कर्मचारी वहां पर सीना ठोंककर नौकरी करते नजर आते हैं। कुछ ऐसा ही मामला विशाल जाटव और केशव सिंह चौहान की शिकायतों के गुम होने का लेकर चल रहा है।

किसी भी विभाग में सामान्य प्रशासन विभाग बहुत ही महत्वपूर्ण होता है और इसके अंतर्गत ही कर्मचारियों की नौकरी का हर महत्वपूर्ण दस्तावेज होता है। जहां से कर्मचारी की नियुक्ति आदेश से लेकर वेतन आदि के आदेश भी जारी होते हैं। लेकिन निगम में अब सामान्य प्रशासन विभाग भ्रष्टाचारी प्रशासन विभाग बन गया है। जहां पर फर्जी अंकसूची, तीन बच्चों वाले अधिकारी एवं कर्मचारी काम कर रहे हैं। जबकि उनकी शिकायतों को दो से तीन साल होने को आ चुके हैं। मगर उन शिकायतों पर किसी भी तरह की कार्रवाईयां नहीं हो सकी है।

### फर्जी अंकसूची का मामला भी अता-पता नहीं



इस मामले में फर्जी अंकसूची लगाकर नौकरी कर रहे विशाल जाटव की वर्ष 2019 में हुई शिकायत भी जमींदोज हो चुकी है। जबकि उसके बारे में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त पत्र भी लगाया गया था। जिसमें उसकी कक्षा 8 की अंकसूची को अवैध बताया गया था। लेकिन वर्तमान में उक्त कर्मचारी वहां पर नौकरी कर रहा है।

### पत्र जाते ही हो जाता है गुम

सामान्य प्रशासन विभाग में शिकायती पत्र जाते ही गुम हो जाते हैं। जिसके चलते उनकी जानकारी ही किसी को नहीं मिल पाती है। जबकि यह विभाग ज्यादातर निगम आयुक्त के पास ही रहता है।

### पीआरओ केशव चौहान की शिकायत दबी

इस मामले में वर्तमान जनसंपर्क अधिकारी एवं मदाखलत प्रभारी बने केशव सिंह चौहान की वर्ष 2018 में की गई शिकायत पूरी तरह दब चुकी है। तीन साल बाद भी इस शिकायत पर कोई कार्रवाई अंजाम नहीं दी जा सकी है।

### जगदीश अरोरा का मामला भी लटका रहा

इस मामले में सेवानिवृत हो चुके जगदीश अरोरा का मामला भी मौजूद हैं। जिनकी कई शिकायतें उनके सेवाकाल में हो चुकी थी। मगर उसके बावजूद हर बार वह शिकायतें दबा दी गई और उनकी सेवानिवृत्ति तक उनका निराकरण ही नहीं किया गया।

### लगभग आधा सैंकड़ा की शिकायतें मौजूद

निगम के सामान्य प्रशासन विभाग में वर्तमान के लगभग आधा सैंकड़ा अधिकारियों की गंभीर शिकायते मौजूद हैं। लेकिन तत्कालीन निगमायुक्त अनय द्विवेदी को छोड़ किसी ने भी इन पर कोई कार्रवाई को अंजाम नहीं दिया गया। वहीं तत्कालीन निगमायुक्त अनय द्विवेदी द्वारा दण्डित किए गए कई अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वापस प्रभोरों को सौंपने का कार्य पूत्र निगमायुक्त विनोद शर्मा के कार्यकाल में हुआ था।

## रायपुर कुशालपुरा सीरवी समाज चेरिटेबल ट्रस्ट भामाशाहओ के द्वारा रोगी वाहिनी एम्बुलेंस ग्रामीणों को समर्पित की



**पुष्पांजली टुडे**

पाली -रायपुर कुशालपुरा आज तारीख 2 जुलाई 2021 को सीरवी समाज चैरिटीबल ट्रस्ट के द्वारा सभी दानवीर भामाशाह ओ के द्वारा श्री आई माता बढेर कुशालपुरा में हमारे सीरवी समाज के धर्मगुरु दीवान माधोसिंह राठौड़ के सानिध्य में आज आयोजित कार्यक्रम समारोह में ग्रामीणों की सेवार्थ रोगी वाहिनी एम्बुलेंस समर्पित की।आज के इस समारोह कार्यक्रम में गणमान्य अतिथि उपस्थित हुए उपखंड अधिकारी रमेश मेवाड़ा, विकास अधिकारी डॉक्टर जगदीश गुर्जर ,पंचायत समिति रायपुर के प्रधान कमला चौहान ,सरपंच साहिबा सुशीला सीरवी एवं सीरवी समाज के गणमान्य भामाशाह एवं सीरवी समाज के गणमान्य व्यक्तियों और ग्रामीणों की उपस्थिति में समारोह आयोजित हुआ। ये जानकारी कुशालपुरा से अशोक जी सीरवी द्वारा दी गई।



शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय में लैब असिस्टेंट को लेकर चल रहा घालमेल

# जाति प्रमाण पत्र पर तिथि और प्रकरण क्रमांक ही नहीं फिर कैसे हो गया परीक्षण

**ग्वालियर**

सरकारी कार्यालयों में कर्मचारियों की नियुक्ति को लेकर कई मामले लगातार सामने आ रहे हैं। जिनमें उनके प्रमाण पत्र ही पूरी तरह जाली एवं फर्जी तरीके से बनाए हुए होते हैं। लेकिन इन खुलासों के बावजूद सरकारी तंत्र में बैठे निकम्मे अधिकारी ऐसे कर्मचारियों को बचाते हुए ही नजर आते हैं। कुछ ऐसा ही मामला शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय में भी चल रहा है। जहां लैब असिस्टेंट ने जाली दस्तावेज लगाकर नौकरी हासिल कर ली है।

शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय कंपू आमखो में पदस्थ लैब असिस्टेंट श्रीकृष्ण सेलर द्वारा अपनी सेवा प्राप्ति के समय जिला गुना की तहसील से जारी जाति प्रमाण पत्र लगाया था। इस जाति प्रमाण पत्र को लेकर आरटीआई कार्यकर्ता द्वारा जानकारी मांगी गई। तो इसको लेकर संभागीय आयुष अधिकारी द्वारा जब गुना तहसीलदार से इसका सत्यापन कराया गया। तो तहसीलदार द्वारा अपनी भेजे गए प्रतिवेदन में उल्लेख करते हुए लिखा है कि इस जाति प्रमाण पत्र का सत्यापन किया जाना संभव नहीं है। क्योंकि इस पर न तो प्रकरण क्रमांक ही दर्ज है और न ही दिनांक अंकित हैं। वहीं उक्त प्रमाण पत्र स्पष्ट रुप से दिखाई भी नहीं दे रहा है।



### भोपाल तक पहुंची शिकायत

इस मामले में शिकायत भोपाल आयुक्त संचालनालय आयुष तक पहुंच चुकी है और इसके बारे में जानकारी भी वहां पहुंचाई जा चुकी है। लेकिन संचालनालय में भ्रष्टाचारियों के दबदबे के चलते यह शिकायत को जमींदोज करने की स्थिति तैयार की जा रही है।

### अधिष्ठाता भी साधे चुप्पी

इस मामले में शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ महेश शर्मा भी पूरी तरह चुप्पी साधे हुए हैं। जिसके चलते उक्त कर्मचारी अपने कर्त्तव्यस्थल पर कार्य कर रहा है।

### घोटाले का सरताज

श्रीकृष्ण सेलर जो कि खुद लैब असिस्टेंट की डिग्रीधारी है। उससे कार्यालय में लिपिकीय कार्य लिया जा रहा है। जिसका कारण विभागीय सूत्रों की मानें तो यह घोटालों का सरताज है। जिसकी जांच होने पर अधिष्ठाता तक इसमें लिप्त निकल सकते हैं।

## साहित्यकार सक्सेना की स्मृति में सम्मान समारोह



**भितरवार / डबरा।** शहर के वरिष्ठ साहित्यकार राजेंद्र प्रसाद सक्सेना रज्जन की चौदहवीं पुण्य स्मृति में श्री बुंदेली साहित्य एवं सांस्कृतिक समिति और राजेंद्र प्रसाद साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समिति के तत्वाधान में काव्य गोष्ठी और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के साहित्यकार इस्माइल खान और ब्रजमोहन श्रीवास्तव को शॉल श्रीफल एवं सम्मान पत्र के साथ सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार राम गोपाल तिवारी भावुक थे। अध्यक्षता राम जी शरण तिवारी ने की। विशेष अतिथि शहर के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ स्वतंत्र कुमार सक्सेना मौजूद थे।

शहर के अनेक साहित्यकारों ने अपनी कविता पाठ की। राजेंद्र प्रसाद के साहित्यिक पर चर्चा की गई। इस अवसर पर श्याम सनम श्रीवास्तव, ओपी आजाद, श्रीमती विमला देवी सक्सेना, हिमांशु सक्सैना, राजीव श्रीवास्तव, लक्ष्मण बात्रा , मोहन सूर्यवंशी, ज्योति सक्सेना, प्रीति श्रीवास्तव , रमेश गौड गगन सक्सेना आदि शामिल थे।

## लायंस क्लब ने सैनिटाइजर एवं मास्क वितरण के साथ डॉक्टरों का किया सम्मान



**ग्वालियर**

लायंस क्लब ग्वालियर की नवीन टीम ने आज कार्यभार संभालते ही समाज सेवा सेवा की और अपने कदम बढ़ाते हुए आज लगभग 2000 व्यक्तियों को कोविड-19 से बचाव हेतु उच्च गुणवत्ता के मास्क, सैनिटाइजर वितरण किए. आज डॉक्टर डे के उपलक्ष पर डॉक्टर्स को धरती के भगवान मानते हुए दोपहर 2 बजे अचलेश्वर मंदिर नटराज हॉल लश्कर ग्वालियर पर पूर्व विधायक मुन्ना लाल गोयल जी के मुख्य आतिथ्य में, लायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट गवर्नर स्व्छ्स्न लॉयन सुनील गोयल जी के विशिष्ट आतिथ्य में एवं रीजन चेयरपर्सन संदीप अग्रवाल एवं जॉन काउंसलर रुचिता जी की उपस्थिति मैं डॉक्टर पीसी माथुर, डॉ एस आर अग्रवाल, डॉ एम एल माहोर, डॉ गौरव शर्मा, Dr Suruchi bhadkariya, डॉ सुरेश चंद्र सिंघल जी का फूल माला एवं शॉल भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता लॉयन जगदीश मित्तल जी द्वारा की गई, पीआरओ लॉयन राजीव वैश्य ने बताया लायंस क्लब ग्वालियर पूर्व अध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता जी, किशन चंद पवैया, कोषाध्यक्ष दीपेंद्र दुबे, सह सचिव रवि पहावा कार्यक्रम संयोजक अनुपम तिवारी,सदस्य कपिल जैन,दीपक सरावगी, राजीव वैश्य, मंगेश इंदुलकर, कैलाश मित्तल, कपिल गुप्ता,रामकरण पारीक, चंद्रमोहन आदि सदस्य उपस्थित थे

## राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विवि के बालिका छात्रावास का उदघाटन

### केंद्रीय मंत्री तोमर ने किया, 2 करोड़ रु.से अधिक लागत से निर्मित हुआ छात्रावास



**ग्वालियर**

कृषि विश्वविद्यालय की छात्राओं के लिए सर्व सुविधायुक्त 2 करोड़ की लागत से बने नवनिर्मित छात्रावास का उद्घाटन केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने किया। इस अवसर पर उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्यमंत्री, सांसद विवेक नारायण शेजवलकर, कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के उप महा निदेशक शिक्षा डॉ आर सी अग्रवाल सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

महानगर में बस स्टैंड के सामने स्थित कृषि कॉलोनी परिसर में इस छात्रावास का निर्माण किया गया है। जिसमें 56 बालिकाओं के लिए आवास की व्यवस्था है। जिसको भारतीय कृषि अनुसंधान से दिए गए अनुदान से निर्मित कराया गया है। विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो एसके राव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विश्विद्यालय के कुलसचिव डीएल कोरी भी कार्यक्रम में मौजूद थे।

### मंच से गिरे उर्जा मंत्री

राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड ग्वालियर के उद्घाटन पर प्रदेश के उर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर गिर पड़े। जिसके चलते उनको अंदरुनी चोट होने की संभावना जताई जा रही है। ज्ञात हो कि इस कार्यक्रम में काफी चौड़े मंच पर केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह, सांसद शेवजलकर सहित कई अन्य नेता मौजूद थे।

## 1 से 10 जुलाई तक नि:शुल्क बनेंगे आयुष्मान कार्ड

### राष्ट्रीय लोक अदालत 10 जुलाई 2021 के अवसर पर आयुष्मान अभियान में

**ग्वालियर**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ग्वालियर डॉ.मनीष शर्मा ने बताया कि दिनांक 10 जुलाई 2021 को राज्य विविध सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के अन्तर्गत दिनांक 01 से 10 जुलाई 2021 तक राज्य शासन द्वारा आयुष्मान अभियान आयोजित किया जा रहा है उक्त अभियान में जिले के अन्तर्गत ग्राम सभाओं में निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाये जायेंगे। आयुष्मान अभियान का आयोजन जिला स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ग्वालियर द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से स्थानीय कार्यकर्ताओं जैसे पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, पेरालीगल वॉलेन्टियर्स, बी.ई.,सेक्टर सुपरवाइज़र, एएनएम एवं आशा कार्यकर्ता आदि की सक्रिय भागीदारी से पंचायत स्तर तक आयोजित किये किये जाना है । अभियान के दौरान समस्त कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र एवं ग्राम रोजगार सहायक पात्र हितग्राहियों का निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनायेंगे ।




मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ग्वालियर डॉ.मनीष शर्मा एवं जिला नोडल अधिकारी आयुष्मान डॉ. शिवराम कुशवाह ने आमजन से अपील की है कि आयुष्मान भारत निरामयम् योजना का कार्ड बनवाकर इस योजना का लाभ उठायें। इस कार्ड के उपरांत 24 तरह की जटिल बीमारियां जिनमें गुर्दा प्रत्यारोपण, डायलेसिस एवं एनजीयो प्लास्टी सहित 1582 बीमारियों का निःशुल्क इलाज शामिल है। आयुष्मान योजना का कार्ड पात्र परिवार के प्रत्येक सदस्य का अलग-अलग बनाया जायेगा ।इस योजना का एक वित्तीय वर्ष में 5 लाख रूपये तक का एक परिवार लाभ ले सकता है । जिले में आयुष्मान योजना का प्रचार प्रसार भी किया जायेगा जिससे आमजन को उक्त योजना की जानकारी प्राप्त हो सके व जिले में शत प्रतिशत आयुष्मान योजना के कार्ड बन सकें । जिले का लक्ष्य 824322 है और अभी तक लगभग 490000 कार्ड बन चुके हैं ।

### कौन होगा पात्र हितग्राही

1. सामाजिक आर्थिक एवं जातीय जनगणना वर्ष 2011 के अनुसार गरीबी रेखा के नीचे आने वाले परिवार ।

2. मुख्य मंत्री संबल योजना के लाभार्थी परिवार ।

3. मुख्य मंत्री खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत पर्ची धारक लाभार्थी परिवार ।

### आवश्यक दस्तावेज

1.समग्र आई. डी.की छाया प्रति।

2.आधारकार्ड की छाया प्रति ।

3.अगर बच्चा 5 वर्ष से कम का है तो जन्म प्रमाण पत्र की छाया प्रति ।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय का फोटो लगावें

## चीनोर में हो रही है रेत डम्प

**भितरवार**



तहसील और थाने से महज कुछ ही दूरी पर अवैध रूप से उत्खनन करके लायी गयी करीब 200 ट्राली रेत डम्प करके रखी गयी है जिस पर तहसीलदार चीनोर एवम पुलिस चीनोर की नजर नहीं जाती , ज्ञात हो कि सिरसुला एवम भदेश्वर की तरफ से अवैध रूप से उत्खनन करके लायी जा रही रेत ठीक तहसीलदार कार्यालय की नाक के नीचे एवम पुलिस थाना चीनोर से मात्र 50 - 60 कदम की दूरी पर रखी गयी है , इतनी भारी मात्रा में डम्प करके रखी गयी रेत पर चीनोर के जिम्मेदार अधिकारियों की नजर क्यों नही जाती यह जांच करने का विषय हो सकता है ।

### कहीं अधिकारियों की तो नहीं है मिलीभगत

एक ओर प्रशासन की ओर से यह कहा जाता है कि क्षेत्र में कहीं भी किसी भी स्थान पर रेत का उत्खनन , परिवहन अथवा संग्रहण नहीं होने दिया जाएगा वहीं दूसरी ओर थाना एवम तहसील से महज कुछ ही दूरी पर अवैध रेत का लगा हुआ यह डम्प प्रशासन की कथनी और करनी के अंतर को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करता नजर आ रहा है ठीक तहसील कार्यालय के समीप ही डम्प हो रही अवैध रेत पर प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही न करना स्पष्ट रूप से यह सिद्ध करता है कि रेत के इस अवैध कारोबार में कहीं न कहीं तहसील चीनोर एवम पुलिस थाना चीनोर की संलिप्तता हो सकती है और यही एक कारण है कि ठीक अपनी नाक के नीचे हो रहे अवैध रेत के इस संग्रहण पर चीनोर पुलिस एवम तहसीलदार की नजर नहीं जाती।

### इनका कहना है

अभी तक ऐसा मामला मेरी जानकारी में नहीं है आपने मुझे इस सम्बंध में सूचना दी है में इसकी जानकारी करता हूं।

**- दीपक गौतम**
थाना प्रभारी चीनोर







पुष्पांजली टुडे समूह द्वारा
हरिओम चतुर्वेदी जी को शिवपुरी ज़िला ब्यूरो चीफ बनाये जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



खबरे एवं विज्ञापन के लिए आप हमें संपर्क करें
संपर्क - 9009279100

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478